हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री


तेज धूप में तपती बाइक को रखने के लिए अब लोग पेड़ की छांव ढूंढने लगे हैं। पेड़ के नीचे बड़ी संख्या में बाइक नजर आने लगी है।


## भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

**भिलाई।** भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रो को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशलन क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र


NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

Advt.


# राजस्व मामलों की पेंडेंसी 9500 पार, एक तहसील से आगे नहीं बढ़ी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले में राजस्व मामलों की पेंडेंसी साढ़े नौ हजार के पार पहुंच गई है। कलेक्टर से लेकर पटवारी, बाबू तक प्रशासन का सारा तंत्र पिछले दो माह से लोकसभा निर्वाचन कार्य में व्यस्त है, जिसके चलते फिलहाल पेंडेंसी कम होने की कोई संभावना भी नहीं है। दूसरी तरफ कलेक्टर द्वारा एसडीएम व तहसील न्यायालयों में पेंडेंसी की जांच के लिए टीम बनाई गई थी, किन्तु बिलासपुर तहसील के आगे बाकी तहसीलों तक जांच नहीं बढ़ पाई।


कलेक्टर ने गठित की थी जांच टीम

अलग खबर

जिले के नायब तहसीलदार, तहसीलदार से लेकर एसडीएम, एडीएम मिलाकर 51 राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरण पेंडिंग हैं। इन राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है, जबकि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गति धीमी है। नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन, रिकार्ड दुरूस्तीकरण, अपीलीय प्रकरण, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों की पेशी पर पेशी बढ़ती जा रही है। वर्तमान में इन राजस्व न्यायालयों में 9 हजार 500 से अधिक मामलों की पेंडेंसी बनी हुई है। चूंकि कलेक्टर से लेकर आरआई, पटवारी व राजस्व विभाग के बाबू भी इन दिनों लोकसभा निर्वाचन कार्य में व्यस्त हैं, इसलिए मामलों के तीव्र गति से निराकरण की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। प्रशासन का पूरा का पूरा अमला लोकसभा निर्वाचन कार्य में पिछले दो माह से व्यस्त है।

## पिछले दो माह से प्रशासन का पूरा तंत्र लोकसभा निर्वाचन कार्य में व्यस्त

### दो कर्मचारियों पर गिरी थी निलंबन की गाज

हाईकोर्ट के आदेश पर कलेक्टर द्वारा बिलासपुर एसडीएम न्यायालय के प्रकरणों के निरीक्षण के लिए एक समिति गठित की गई थी। इस समिति में एडीशनल कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे, भू-अभिलेख अधीक्षक केएस यादव एवं जिला कार्यालय के स्थापना लिपिक जेएस जायसवाल शामिल थे। इस समिति द्वारा बिलासपुर एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर प्रकरणों की जांच की गई थी, जिसमें न्यायालय में राजस्व प्रकरण सहित डायवर्सन के काफी प्रकरण पेडिंग पाए गए थे और प्रकरणों की पेंडेंसी को लेकर गंभीर लापरवाही भी पाई गई थी। इस समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर बिलासपुर एसडीएम कोर्ट में वाचक सहायक ग्रेड-थ्री समीर तिवारी व सहायक ग्रेड-टू निर्मल शुक्ला को गंभीर लापरवाही पाए जाने के कारण छग सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण, नियंत्रण अपील नियम 1966 के नियम-9 के अधीन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

### समय पर प्रतिवेदन नहीं देने वाला पटवारी हुआ था निलंबित

हाईकोर्ट में दर्ज प्रकरण रिट अपील श्रीमती रोहणी दुबे विरूद्ध छग शासन में 22 फरवरी को 2024 को पारित आदेश के परिपालन में के लिए कार्यालय कलेक्टर के आदेश पर 23 फरवरी को गठित टीम द्वारा रिपोर्ट दिया गया। इसके अनुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बिलासपुर न्यायालय में छग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 तहत व्यपवर्तन, डायवर्सन के लिए प्रचलित प्रकरण में पटवारी हल्का नंबर 41 मौजा सिरगिट्टी के पटवारी विजय भारत साहू द्वारा समय-सीमा के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके कारण प्रकरण का समय सीमा भीतर निराकरण नहीं किया जा सका। इस प्रकार हल्का पटवारी द्वारा कार्य में लापरवाही किए जाने पर छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के विपरीत होने से उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने समिति की रिपोर्ट के आधार पर बिलासपुर एसडीएम ने सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत पटवारी विजय भारत साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

**चुनाव के बाद होगा निराकरण**

हाईकोर्ट से एक मामले में आदेश पारित होने के बाद प्रशासन की ओर से एसडीएम, तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के जांच के लिए समिति गठित की गई थी। बिलासपुर एसडीएम, तहसील कार्यालय में जांच के बाद कार्रवाई भी हुई थी। इसी बीच लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई और राजस्व अधिकारी-कर्मचारी सभी निर्वाचन कार्य में व्यस्त हो गए। राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी का निराकरण चुनाव के बाद किया जाएगा।

-आर कुरूवंशी,एडीएम

### न्यायालय का काम प्रभावित

डायवर्सन के पेंडेंसी संबंधी हाईकोर्ट में एक प्रकरण लगने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी तहसील कार्यालयों में पेंडेंसी की जांच के लिए एक टीम गठित की थी, जिसमें एडीएम, संयुक्त कलेक्टर से लेकर भू-अभिलेख अधीक्षक समेत कलेक्टोरेट के कर्मचारी शामिल थे, लेकिन केवल बिलासपुर तहसील कार्यालय के पेंडेंसी मामलों की जांच हो पाई और उसके बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई, जिससे बाकी तहसीलों में पेंडेंसी की जांच भी नहीं हो पाई है। राजस्व अधिकारी एक्जीक्यूटिव अधिकारी होते हैं और उन्हें वीआईपी ड्यूटी के अलावा भी अन्य काम में लगाया जाता है, जिसकी वजह से भी न्यायालय का काम प्रभावित होता है।

### प्रमुख राजस्व न्यायालयों में पेंडेंसी पर एक नजर

| | | | |
|---|---|---|---|
| एसडीएम बिलासपुर | 1193 | एसडीएम मस्तूरी | 251 |
| एसडीएम तखतपुर | 651 | एसडीएम बिल्हा | 171 |
| एसडीएम कोटा | 336 | नजूल शाखा | 372 |

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय की सभा चिल्हाटी में आज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की आमसभा 26 अप्रैल को मस्तूरी विकासखंड के मिडिल स्कूल दशहरा मैदान चिल्हाटी में आयोजित की जा रही है। श्री साय की यह सभा दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक होगी। जानकारी के अनुसार श्री साय सुबह 10.30 बजे मुख्यमंत्री निवास रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर 10.35 बजे पुलिस मैदान हेलीपेड रायपुर आगमन एवं हेलीकाप्टर से हाईस्कूल मैदान ग्राम तमनार विकासखंड लैलूंगा जिला रायगढ़ पहुंचेंगे। यहां सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से दोपहर 12.35 बजे हैलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.05 बजे कार से मिडिल स्कूल मैदान दशहरा मैदान चिल्हाटी विकासखंड मस्तूरी जिला बिलासपुर पहुंचेंगे। दोपहर 1.05 से 1.30 बजे तक उनका समय आरक्षित रखा गया है। तत्पश्चात दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक मेला ग्राउंड चिल्हाटी में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से दोपहर 2.30 बजे कार से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### अनुपस्थित कर्मचारियों का प्रशिक्षण कल से

**बिलासपुर।** मतदान दलों के प्रशिक्षण का दूसरा दौर आज से शुरू हुआ। उन्हें चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां बताई गई। हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराया गया। प्रशिक्षण में कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उन्हें मौका देते हुए 27 एवं 28 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के निर्देश दिए गए है। इसमें गैरहाजिर होने पर निलंबन की कार्रवाई की जा सकती है।

### तापमान 41 डिग्री पार गर्मी से लोग हलाकान

**बिलासपुर।** सूरज की गर्मी अब एक बार फिर से तपा रही है। तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। रात में भले ही ठंडी हवाएं चली किंतु दिन में गर्मी ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया। धूप से बचने लोग छांव की तलाश करते नजर आए। आलम यह कि दोपहर में सड़कें भी सुनी होने लगी है। हालांकि शाम होते ही अचानक हवा चलने से। गुरूवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रिकार्ड हुआ। गर्मी को लेकर वर्तमान स्थिति ऐसी की दो दिनों में ही प्रचंड गर्मी का अहसास होने लगा है। गुरूवार को और भी भीषण गर्मी का अहसास हुआ। सुबह 10 बजे तेज धूप का अहसास हुआ। दोपहर 12 बजे घर से निकलना मुश्किल लग रहा था। सबसे ज्यादा दिक्कत चौक-चौराहों में लगे सिग्नल से हुआ। कड़ी धूप के बीच लोग डेढ़ से तीन मिनट तक खड़े नजर आए। चमड़ी जला देने वाली इस गर्मी में आमजन परेशान नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो गर्मी से अभी दो तीन दिन राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा का कहना है कि एक पश्चिम विक्षोभ दक्षिण ईरान के ऊपर 3.1 किमी से 9.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रवाती परिसंचरण मध्य प्रदेश के दक्षिणी भाग में 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मध्य मध्यप्रदेश के दक्षिण भाग से अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। बंगाल की खाड़ी से नमी भी आ रही है।

**अफसर दिखावे के लिए दिन में पकड़ रहे दो चार ट्रैक्टर**

## मस्तूरी से लेकर कोटा तक अरपा में रेत का धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

# हाइवा में रेत के साथ हेल्पर को भी दबा दिया, खाली करते समय निकली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ड्राइवर के साथ रेत लेने अमलडीहा गया हेल्पर ट्रक के डाले पर बैठकर रेत भरवा रहा था, पोकलेन से रेत भरने वाले को हेल्पर नजर नहीं आया, उसने रेत से हेल्पर को दबा दिया। अचानक गायब हुए हेल्पर को ड्राइवर ने ढूंढा, उसके नहीं मिलने पर ट्रक लेकर चला आया, सुबह ट्रक खाली करते समय हेल्पर की लाश रेत के नीचे से निकली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- अमलडीहा में हुआ हादसा पुलिस कर रही जांच

रेत, मुरूम के साथ ही खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज माफिया अब दिन के बदले रात में उत्खनन और परिवहन कर रहा है। वहीं, खनिज विभाग और पुलिस के अधिकारी दिखावे के लिए दिन में एक-दो हाईवा, ट्रैक्टर जब्त कर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहे हैं। ऐसे ही रात में सक्रिय रेत माफिया के चलते फिर एक युवक की जान चली गई है। युवक हाइवा का हेल्पर था। बुधवार की रात घुरू अमेरी निवासी मोनू रजक 18 वर्ष हाइवा क्रमांक सीजी 07 सीएन 9376 के ड्राइवर हेमचंद लहरे के साथ पचपेड़ी के ग्राम अमलडीहा घाट रेत लाने गया था , वह हाइवा पर बैठकर पोकलेन से रेत भरवा रहा था, फिर अचानक गायब हो गया, ड्राइवर द्वारा उस स्थान में उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद ड्राइवर ने रेत से भरे हाइवा को लेकर जी आर इंफ्रा.प्रोजेक्ट कैम्प ग्राम रलिया ले गया, ट्रक खाली करते समय रेत के साथ हेल्पर की लाश निकली। पुलिस अंदाजा लगा रही की हेल्पर मोनू रजक केबिन में बैठा रहा होगा, उसी समय रेत भरते समय पोकलेन की चपेट में आकर रेत में दब गया होगा। फिलहाल मस्तूरी पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौप आगे की कार्रवाई कर रही है।


हाइवा से खाली की गई रेत से हेल्पर की लाश निकालते लोग।

### तखतपुर, कोटा और बेलतरा में चल रहा धंधा

शहर से लगे तखतपुर, कोटा और बेलतरा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रेत, मुरूम और मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन बेधड़क चल रहा है। इसके साथ ही मस्तूरी और पचपेड़ी इलाके में भी माफिया सक्रिय हैं। जिले में घोषित रूप से 2 जगहों पर ठेका है, लेकिन माफिया अपनी मर्जी से अरपा नदी से रेत निकाल रहे हैं। अरपा नदी में सरकंड़ा से लेकर घुटकू तक अवैध उत्खन्न करते ट्रैक्टर और पोकलेन देखे जा सकते हैं।

### डंपिंग के दौरान निकला है शव,चल रही जांच

अमलडीहा घाट से रेत लेकर आए हाइवा से डंपिंग के दौरान हेल्पर का शव निकला है। अभी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मामले की जांच चल रही है। रात में रेत भरकर एनएचआई के प्रोजेक्ट में डंप किया जा रहा था। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौपा गया है।

**- रविंद्र अनंत,** टीआई मस्तूरी।

### नदी किनारे ही दर्जनों डंपिंग स्पॉट

शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में अरपा नदी पर एक भी रेत घाट को जिला प्रशासन ने ठेके पर उत्खनन की अनुमति नहीं दी है। इधर माफिया अवैध उत्खनन में जुटे हुए हैं। शहर से लगे घाटों में रात में अवैध उत्खनन, डंप करने और सप्लाई का खेल जारी है। रेत माफिया ने नदी के आसपास के गांव में ही कई जगह रेत डंपिंग स्पॉट बना रखा है। एक ओर घाट से उत्खनन के लिए वाहनों को लगाया जा रहा है, जो रेत को नदी से डंपिंग स्पॉट में डंप करते हैं। इसके बाद जेसीबी से रेत को दूसरे ट्रैक्टरों में भरकर रात में ही सप्लाई का काम किया जा रहा है।

### आशियाना बनाना हुआ महंगा

खुद का आशियाना बनाने वालों के लिए एक ट्रैक्टर रेत खरीदना सोना खरीदने से कम नहीं है। रेत घाट बंद होने के बाद माफिया अवैध उत्खनन तो कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही रेत की कीमतों को 3 गुना तक महंगा कर दिए हैं। डेढ़ वर्ष पूर्व एक ट्रैक्टर रेत की कीमत 1200-1300 रुपए थी वह अब 2500 के पार हो गई है। हाईवा भी अब 6-7 हजार से सीधे 16-17 हजार रूपए पर पहुंच गया है। सालभर पहले जिन लोगों ने मकान बनाना शुरू किया था, वे अपना आशियाना बनाने का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

### रात में चल रहा उत्खनन

कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश के बाद जिले में खनिज विभाग की टीम मैदानी इलाकों में सक्रिय हुई। कुछ दिनों तक अलग-अलग जगहों पर जाकर खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई भी की गई, लेकिन एक बार फिर ये कार्रवाई बंद कर दी गई है। इधर दिन में कार्रवाई के चलते अब माफिया दिन के बजाय रात में सक्रिय हो गए हैं। वहीं, खनिज विभाग के अफसर दिन में दिखावे की कार्रवाई कर रहे हैं। लेकिन रात में शहर में धड़ल्ले से रेत से भरे ट्रैक्टर और हाईवा दौड़ रहे हैं।

**फर्राटा मारते पकड़ा गया युवक**

## 21 लाख की बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर

**बिलासपुर।** 21 लाख रुपए की बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर कालोनियों में फर्राटे मारने वाले युवक को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ लिया, पुलिस ने युवक की बाइक जब्त कर ली है। उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला बनाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

- बाइक जब्त, कोर्ट में पेश किया जाएगा मामला

ट्रैफिक एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर ने बताया, पिछले कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी शहर में रात 9 बजे के बाद कुछ बाइकर्स कानफोड़ साइलेंसर लगाकर फर्राटे मार रहे हैं। जिससे पढ़ने वाले छात्रों व घर के पास टहलने वाले बुजुर्गों को परेशानी हो रही थी। शिकायत पर बाइकर्स की तलाश की जा रही थी। मंगलवार की रात सत्यम चौक पर माडिफाइड साइलेंसर लगाकर सुजूकी हायबुजा में एक युवक निकल रहा था। ट्रैफिक के अधिकारी व जवानों ने बाइक सवार को रोककर जांच की तो उसमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगा होना पाया गया। पुलिस ने साइलेंसर निकालकर बाइक को जब्त कर लिया है। जब्त बाइक की कीमत 21 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस बाइक संचालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश करेगी। अब संचालक को कोर्ट से बाइक छुड़ानी पड़ेगी। ज्ञात हि पिछले दिनों ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारते 13 लाख की बाइक जब्त की थी।



### तेज रफ्तार में बाइक चलाना बना फैशन

रात होते ही शहर के प्रमुख मार्गों पर युवकों व युवतियों का भ्रमण शुरू हो जाता है। युवक युवती महंगी बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज निकालकर तेज गति से स्टंट कर फर्राटे मारते नजर आते हैं। इसमें से अधिकांश युवक युवतियां नशे में रहते हैं। रिवरव्यू, उसलापुर ब्रिज सकरी रोड, चकरभाठा रोड, कोनी रोड में यह नजारा देखना आमबात हो गई है।

## बैंक में गार्ड की नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 भूतपूर्व सैनिकों से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक में गार्ड की नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 भूतपूर्व सैनिकों से 10 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। एसपी के निर्देश पर सरकण्डा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

- एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ जुर्म

सरकण्डा पुलिस के अनुसार रूद्र विहार निवासी सेना के जवान प्रणव तिवारी रिटायरमेंट के बाद नौकरी की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान सेना के भूतपूर्व सैनिक राजकुमार साहू ने उनके मोबाइल में फोन किया। उसने बताया वह बैंक में गार्ड की नौकरी लगवा सकता है। उसके बाद राजकुमार साहू, उसके साथी पीयूष उन्हें अपने साथ गौरेला स्थित बैंक गए। प्रणव ने 2 लाख रुपए व अन्य 5 पीड़ित जितेन्द्र साहू, चंद्रप्रकाश साहू, सूदर्शन प्रसाद यादव, रविन्द्र कुमार जोगी ने 8 लाख रुपए दिया। पैसा देने के बाद भी उनकी नौकरी नहीं लगी। पीड़ितों ने एसपी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सरकण्डा पुलिस ने प्रणव तिवारी की रिपोर्ट पर मुंगेली लिम्हा निवासी राजकुमार साहू पिता रिखीराम साहू के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## 753 प्रकरणों में पीड़िताओं को नहीं मिली क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िताओं को मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि की जिलेवार जानकारी मांगे जाने पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चार्ट प्रस्तुत किया है, इसमें बताया गया है कि राज्य में 753 प्रकरणों में 26 करोड़ 41 लाख 200 रुपए क्षतिपूर्ति राशि लंबित है। दुष्कर्म पीड़िता मासूम को सरकारी सहायता नहीं मिलने व उधार लेकर अंतिम संस्कार किए जाने के संबंध में जनहित याचिका के रूप में हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू की थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शासन को दुष्कर्म पीड़िता एवं उनके अभिभावकों को क्षतिपूर्ति दिए जाने के संबंध में क्या कार्रवाई की गई इसकी जानकारी मांगी थी। आज एडवोकेट जनरल के कथन के बाद कोर्ट ने मामला रिकार्ड में भेज दिया है।

**मासूम की हुई थी हत्या:** सिरगिट्टी में तीन वर्ष की मासूम बच्चे के साथ युवक ने दरिंदगी करते हुए दांत से काटकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद बच्ची के अभिभावकों को कोई सहायता नहीं मिली, खबर को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने संज्ञान में लेते हुए बच्ची के अभिभावक को सहायता नहीं दिए जाने पर शासन को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट की फटकार के बाद बच्ची के अभिभावक को सहायता राशि दी गई। इसी मामले में कोर्ट ने पूरे प्रदेश में कितने मामले है जिसमें दुष्कर्म पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति की राशि नहीं दी गई है, इसकी जानकारी मांगी थी।


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण का
बिलासपुर सिटी लुक 2024




इस विज्ञापन की कटिंग लाने पर बिलासपुर सिटी लुक 2024 प्राप्त करें

समय : दोपहर 12 से 5 बजे तक

नाम : ..........
पता : ..........
मो. ..........

नोट : प्रतियां सीमित, पहले आएं पहले पाएं के आधार पर वितरण।

### एसईसीएल के सीएमडी ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मतदाता जागरूकता के लिए निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वीप अभियान के तहत शहर में 5 सौ से ज्यादा लोगों ने बाइक रैली में हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने स्वयं बाइक चलाकर रैली की अगुवाई की। इसका आयोजन एसईसीएल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया।

रैली में महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। एसईसीएल कार्यालय से रैली शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। रैली के दौरान बाईकर्स का जोश और उत्साह देखते बन रहा था। शत-प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारे से समूचा शहर गूंज उठा। बाइक रैली को एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, एसईसीएल के निदेशक कार्मिक बीरंची दास, डीटीओ एसएन कापरी, सीवीओ जयंत कुमार खमारी सहित 500 से ज्यादा बाइकर्स मौजूद थे।



एसईसीएल के कार्यक्रम में उपस्थित सीएमडी व अन्य अतिथि।


मतदाता जागरुकता बाइक रैली का नेतृत्व करते कलेक्टर व एसपी।

## खबर संक्षेप

### एयू के कुलपति बाजपेयी ने राजस्थान के राज्यपाल से की सौंजन्य भेंट



**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने आज राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन जयपुर में सौजन्य भेंट की। उनसे भारतवर्ष में उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। भारतवर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर भी दोनो ने विचार विमर्श किया। कुलपति ने राज्यपाल को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की प्रगति से भी अवगत कराया। जिसकी उन्होंने प्रशंसा भी की। कुलपति ने श्री राज्यपाल कलराज मिश्र को अपनी पुस्तक रानी दुर्गावती शौर्य काव्यांजलि भेंट कर उनका सम्मान किया।

### एनएसयूआई की कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय में संविधान बचाओ सभा



**बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय में संविधान बचाओ सभा का आयोजन किया गया। जिसे अटल यूनिवर्सिटी के एनएसयूआई संगठन के छात्र छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी आकाश चौधरी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, प्रदेश महामंत्री हेमंत पाल, प्रदेश सचिव अमीन श्रीवास्तव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राहुल हंशपाल ने किया। कार्यक्रम में जिला महासचिव अमितेश शुक्ला, सिद्धांश पाण्डेय, आकाश श्रीवास्तव, विक्रांत बर्मन, अनुराग, नेहा, रश्मि, शैलेंद्र, खिलेश,अदिति, शिखा, अफसा, ऊवेश, यश, मुकेश, राम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बृजेश सिंह की पर्यावरणीय गजलों पर पी-एच डी

बिलासपुर। डॉ.बृजेश सिंह के पर्यावरण पर केन्द्रित गजलों पर डॉ रविन्द्र पी ठाकरे का पीएचडी शोध प्रबंध 'बृजेश सिंह की गजलों में पर्यावरण चेतना' सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे से सम्पन्न हुआ है। डॉ रविन्द्र ठाकरे के इस पीएचडी शोध प्रबंध में जहां डॉ.बृजेश सिंह की पर्यावरणीय गजलों की सारगर्भित समीक्षा है, वहीं पर्यावरण विमर्श पर महत्वपूर्ण शोध सामग्री समाहित किया गया है।



डॉ.बृजेश प्रख्यात पर्यावरणविद व पर्यावरण विमर्श के प्रवर्तक के रूप विख्यात हैं। उन्होंने पर्यावरण पर केन्द्रित 300 से अधिक गजलों का प्रणयन किया है। डॉ.बृजेश ऐसे पर्यावरणविद हैं जिन्होंने अकादमिक कार्यों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किया है। डॉ सिंह ने हजारों पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित किया।

### श्रुति निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में महिलाएं सीख रहीं बूटिक व डिजाइन



**बिलासपुर।** श्रुति निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण द्वारा विगत 4 वर्षों से रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट गायत्री मंदिर बुधवारी में सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था की संस्थापिका चुन्नी मौर्य ने बताया कि इन दिनों शाम 4 बजे से 6 बजे तक सिलाई का नित्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें बूटिक के डिजाइन और अनेको परिधान का नियमित निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 को

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 28 अप्रैल रविवार को हरदेव लाल मां भगवती मंदिर गोल बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. रविकांत दास, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. विकास अग्रहरी, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे। इसमें शुगर, बीपी, यूरेक एसीड, थायराइड, न्यूरौपैथी, हिमोग्लोबिन, लीवर फक्शन आदि का टेस्ट किया जाएगा।

### प्रत्येक बूथ में लगेंगे तीन-तीन बैलेट यूनिट


# चार जिलों से पहुंची 1850 ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा सीट में 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने से ईवीएम की कमी पड़ गई है, क्योंकि प्रत्येक बूथों में तीन-तीन ईवीएम लगेंगे। इसके लिए दूसरे जिलों से ईवीएम की व्यवस्था की गई है और सुकमा, सूरजपुर, सरगुजा एवं बालोद चार जिलों से 1851 बैलेट यूनिट यहां पहुंच गया है।

- ईवीएम कम पड़ने पर मंगाई गई दूसरे जिलों से

ईवीएम लाने के लिए निर्वाचन कार्यालय की टीम सुकमा, सूरजपुर, सरगुजा व बालोद जिला के लिए दो दिन पहले ही रवाना हो गई थी और इन चारों जिलों से ईवीएम लेकर टीम को तत्काल वापस लौटने कहा गया था। इसके साथ ईवीएम लाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, यहां से ईवीएम लाने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को भेजा गया था। जिले में 1851 ईवीएम की कमी पड़ रही थी, क्योंकि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या कुल 37 है। निर्वाचन कार्यालय को यह उम्मीद थी कि नाम वापसी में प्रत्याशियों की संख्या कम हो जाएगी, इसलिए उस हिसाब से बैलेट यूनिट की व्यवस्था की गई थी। लेकिन 37 प्रत्याशी होने से अब एक-एक बूथ में एक-एक कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीन लगेगी, किन्तु बैलेट यूनिट तीन-तीन लगेगी। एक बैलेट यूनिट में नोटा मिलाकर 16 उम्मीदवारों का नाम आता है। इस तरह अगर दो बैलेट यूनिट लगाते हैं तो भी नोटा मिलाकर 32 उम्मीदवारों के नाम आएंगे। इस वजह से तीन-तीन बैलेट यूनिट की आवश्यकता पड़ रही है। निर्वाचन कार्यालय की ओर से गई टीम आज लौट आई है और बड़े-बड़े ट्रकों में सुरक्षा के साथ ईवीएम यहां लाया गया है। इन सभी ईवीएम को कोनी स्थित स्ट्रांग रूम भेज दिया गया है, जहां पर ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग होगा, उसके बाद मशीनों का रेंडमाईजेशन किया जाएगा।



#### 46 में से केवल 9 प्रत्याशी हुए कम

बिलासपुर लोकसभा सीट में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए 12 अप्रैल से नाम निर्देशन प्रक्रिया शुरू हुई थी और 19 अप्रैल नामांकन का आखिरी दिन था। इस दौरान कुल 46 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। इसमें स्क्रूटनी के दौरान चार प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र निरस्त हो गए थे और 42 प्रत्याशी मैदान में बचे थे। सोमवार को नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान इनमें से पांच लोगों चुनाव से नाम वापस ले लिए हैं। इस तरह 9 प्रत्याशी कम हो गए हैं और अब 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।

## मतदान के लिए घरोंघर दस्तक दें अफसर

**बिलासपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव शतप्रतिशत संपन्न कराने के लिए अफसरों को मतदान के लिए घर घर दस्तक देकर पीले चावल देकर मतदाताओं को आमंत्रित करने का कहा है। साथ ही आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने सर्किट हाउस में सेक्टर अफसरों की बैठक लेकर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया।

और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में स्वीप में तेजी लाने और मतदान केंद्रों तक मतदाताओं को लाने के लिए कई सुझाव भी दिए। मतदान के लिए घर-घर दस्तक और पीले चावल देकर आमंत्रण देने के साथ ही मतदाताओं के लिए केंद्रों में धूप से बचाव और पेयजल की उचित व्यवस्था करने कहा। श्री शरण ने कहा कि मतदान दलों के पहुंचने पर स्थानीय अधिकारी उनका स्वागत करेंगे। आदर्श मतदान केंद्रों, दिव्यांग और संगवारी केंद्रों में कूलर और विश्राम कक्ष की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने अफसरों से कहा कि मतदान के लिए आए लोगों के पास यदि फोटोकॉपी अथवा मोबाइल पर भी परिचय पत्र है तो भी उसे मान्य करें।




## राष्ट्रहित सर्वोपरी को ध्यान रखकर करना होगा मतदान

**बिलासपुर।** लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर अंतर्गत स्थित सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य, प्राचार्य एवं आचार्यों की एक दिवसीय कार्यशाला सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोना में आयोजित की गई। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य, आचार्य और संस्था प्रमुखों की उपस्थिति में सुबह 10 बजे से शुरू हुई कार्यशाला शाम चार बजे तक चली। कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत ने कहा कि हम सबका यह दायित्व है कि सबसे पहले मतदान, उसके बाद जलपान के संदेश को मूल मंत्र मानकर काम करें। इस चुनाव में राष्ट्रहित सर्वोपरी को ध्यान रखकर मतदान करना है। सरस्वती बाल कल्याण समिति बिरकोना के डॉ श्रीकांत गिरी ने कहा कि हम को अपने घर से निकलकर इसके लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। समिति के सचिव डा प्रशांत द्विवेदी ने निवेदन किया कि शत प्रतिशत मतदान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बिलासपुर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर प्रफुल्ल शर्मा ने शत प्रतिशत मतदान पर बल दिया।

## श्रमवीरों ने मतदान करने व कराने का लिया संकल्प



**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हर एक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक करने में हर वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। इसी क्रम में औद्योगिक संस्थानों में भी शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। मस्तूरी विकासखंड के राशि स्टील पाराघाट, मंगल स्पंज बिल्हा, नर्मदा ड्रिंक्स प्राईवेट लिमिटेड सिरगिट्टी एवं बीईसी फर्टिलाइजर्स बिलासपुर औद्योगिक संस्थानों के श्रमवीरों ने भी मतदान करने और कराने की शपथ ली।

### वोटिंग के लिए श्रम विभाग का बुलावा

# पलायन कर चुके 18 परिवार लौटे तो स्टेशन में स्वागत

**बिलासपुर।** लोकसभा सीट पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन लगातार कोशिशों में जुटा है। इसी क्रम में मजदूरी के लिए परदेस गए जिले के मजूदरों को 7 मई को होने वाले मतदान का न्योता दिया जा रहा है। रोजगार के लिए बाहर गए श्रमिकों को मतदान के लिए घर लौटने श्रम विभाग द्वारा 'घर आजा संगी मतदान करे बर' अभियान चलाया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे श्रम विभाग के विशेष अभियान 'घर आजा संगी मतदान करे बर' के तहत बुधवार को उस्लापुर स्टेशन पर 18 परिवार अपने गांव लौटे हैं, जिनमें 30 मतदाता हैं। बुधवार को उसलापुर स्टेशन पहुंचे श्रमिक परिवारों का श्रम विभाग के कर्मचारियों ने स्वागत किया। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में भी बताया गया। इधर श्रम विभाग ने बुधवार को 1106 श्रमिकों को फोन पर मतदान के लिए घर आने का निमंत्रण दिया है। ताकि लोकसभा में मतदान शत-प्रतिशत हो सके।



#### पलायन करने वालों की जुटा रहे जानकारी

खेती-किसानी और त्योहार मनाने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर लोग कमाने खाने के लिए दिगर राज्यों की ओर चले जाते है। ऐसे में श्रम विभाग के पास इनकी वास्तविक आंकड़ा भी नहीं है। ऐसे में बस और रेलवे स्टेशनों में इन दिनों श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पहुंच रहे है। यहां काम की तलाश में दीगर प्रदेशों की ओर रूख करने वालों को वापस बुलाने के लिए उनके परिचितों से जानकारी जुटाई जा रही है। जो लौटे हैं उनसे पूछा भी जा रहा कि उनके परचित के कितने और लोग दूसरे प्रदेशों में अभी काम कर रहे है।

### एजुकेशन प्लस

## आकाश एजुकेशन के 8 छात्रों को 99 परसेंटाइल

**बिलासपुर।** जेईई मेन 2024 सेशन -2 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के 8 छात्रों ने 99 परसेंटाइल व उससे अधिक प्रतिशत लाकर अपने शहर व संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। संस्था के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एच आर राव ने बताया कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने बिलासपुर से अपने स्टूडेंट्स 8 की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया है।

जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 परसेंटाइल व उससे अधिक का स्कोर किया है। इसमें स्टूडेंट्स शुभम नायर ने 99.96 परसेंटाइल, हर्षिता ईशानी ने 99.82, शुभम आनंद ने 99.74 परसेंटाइल, विशु ने 99.71 परसेंटाइल और लक्ष्य गुप्ता ने 99.67 परसेंटाइल हासिल किए। इसके अलावा तीन छात्रों ने 99 परसेंटाइल व उससे अधिक का स्कोर किया है। श्री राव ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्लास रूम प्रोग्राम में नामांकित इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को करने के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। श्री राव ने कहा कि "उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।"



## एलन कॅरियर के भाग्यांश छत्तीसगढ़ टॉपर

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम की घोषणा बुधवार रात को जारी कर दिया गया। इसमें एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने आल इंडिया टॉप किया है। साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलेन छत्तीसगढ़ से भाग्यांश साहू ऑल इंडिया रैंक 321 के साथ छत्तीसगढ़ टॉपर बने।

एलन बिलासपुर के मेंटर आशुतोष हिसरिया ने बताया भाग्यांश के अलावा केशव कुमार रामुका ने ऑल इंडिया रैंक 938 हांसिल की और टिया मित्तल 1246 रैंक के साथ गर्ल्स टॉप किया। एलन से छत्तीसगढ़ में पहली बार 5 स्टूडेंट्स के फिजिक्स में 100 पर्सेंटाइल मार्क्स रहे, वहीं 2 स्टूडेंट्स ऑल इंडिया रैंक 1000 , 7 स्टूडेंट्स ऑल इंडिया रैंक 2500 और 17 ऑल इंडिया रैंक 10000 में रहे। एलन बिलासपुर से अनुष्का जैसवाल ने 98.4371 परसेंटाइल स्कोर किया है। 10 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक और 13 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है।

जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं। 100 पर्सेंटाइल ने 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं।

परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया, इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों सेशन में कुल 10 लाख 67 हजार 959 कॉमन विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एलन से बड़ी संख्या में टॉप स्टूडेंट्स ने जेईई-एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है।



## वाइब्रेंट एकेडेमी के अविनाश ने किया टॉप

**बिलासपुर।** जेईई मेंस द्वितीय चरण का परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल को जारी कर दिया गया। इसमें बिलासपुर वाइब्रेंट अकादमी के छात्र-छात्राओं ने लगातार चतुर्थ वर्ष एतिहासिक परिणाम दिया। वाइब्रेंट अकादमी के अवनिश पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ टॉप करते हुए 99.969 परसेंटाइल, वेदांत ओटवानी ने 99.537 परसेंटाइल, दिव्यांस श्रीवास्तव ने 99.469

परसेंटाइल, एंजेल वाधवानी ने 98.285 परसेंटाइल, राहुल सिंह ने 98.26 परसेंटाइल, सेला कार्तिकेय ने 98.22 परसेंटाइल, कृष दुबे ने 96.87 परसेंटाइल, हर्ष अग्रवाल ने 96.78 परसेंटाइल, प्रांजल प्रसाद ने 96.75 परसेंटाइल, आशुतोष देवांगन ने 96.50 परसेंटाइल, आदित्य साहू ने 96.03 परसेंटाइल, क्षितिज माहेश्वरी ने 96.02, राघव शर्मा ने 95.83 परसेंटाइल, निखिल सोनी ने 95.814, परसेंटाइल, मानस महाजन ने 95.449,परसेंटाइल, शशांक सिंह ने 95.45 परसेंटाइल, अनुज अग्रवाल ने 95.25 परसेंटाइल, आयुष बसक ने 95.16 परसेंटाइल, अंशल शुक्ला ने 94.57 परसेंटाइल, भविष्य वर्मा ने 93.71 परसेंटाइल, दक्ष जैन ने 93.17 परसेंटाइलएवं, 20 अन्य छात्र-छात्राओं ने 90 परसेंटाइल से ज्यादा नंबर प्राप्त कर किया है। संस्था के ब्रांच मैनेजर



रौशन पाण्डेय ने बताया प्रत्येक वर्ष संस्था छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों से आए छात्रों के उज्वल भविष्य बनाने कार्य करते आ रही है। गत वर्ष सौरभ वर्मा ने छत्तीशगढ़ टॉप करते हुए आल इंडिया 127 रैंक प्राप्त किया। साथ ही साथ अन्य 16 छात्रों ने भी अलग अलग अग्रणी आईआईटी प्राप्त किया था। 2021 एवं 2020 में सान्या मित्तल एवं शिखर अग्रवाल ने365 एवं 247 रैंक प्राप्त किया था, संस्था के प्रख्यात शिक्षक दीपक तिवारी मैथ्स एवं विवेक सिंह व अन्य शिक्षकों ने छात्रों के प्रयास को सराहा।

## रासेयो ने रंगोली बनाकर लोगों को दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी ने एसईसीएल सरकंडा के सामने रंगोली बना कर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, मोना केंवट पीएनएस कॉलेज, सक्षम से अनूप कुमार पांडेय, हरिहर ऑक्सीजोन से भुवन वर्मा, संतोषी वर्मा, ममता गुप्ता, श्री तावणकर उपस्थित थे। अंत में चंदन कुमार भट्टाचार्य, दीपक साहू, निर्मल कुमार, मदन मोहन गुल्ला ने लोगों के लिए भंडारा रखा।



## चौकसे में बी व डी फार्मेसी छात्रों के लिए कार्यशाला



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत स्कूल ऑफ फार्मेसी विभाग द्वारा कैरियर मार्गदर्शन जीपीएटी इक्जाम एवं एक्जिट इक्जाम की तैयारी व सॉफ्ट स्किल विकास पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. पीयूष जायसवाल, रिचा पाहवा थी। इस कार्यशाला में बी.फार्मेसी एवं डी.फार्मेसी के विद्यार्थियों को उनके कैरियर में आगे बढ़ने एवं फार्मेसी के क्षेत्र में विभिन्न मार्गदर्शन दिए गए। साथ ही उक्त परीक्षा की तैयारी एवं सॉफ्ट स्किल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में विशेष अतिथि संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल, स्कूल ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. धीरज अहिरवार, ओएसडी शरद कुमार कौशिक, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नितिन जैन उपस्थित थे। फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. डीके अहिरवार ने छात्र-छात्रओं को कार्यशाला में दिए गए जानकारियों को अपने कैरियर और जीवन में आत्मसात करने प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

स्टेशन रोड 12 खोली में विराजी सोलापुरी माता का दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु। विधि विधान से की जा रही पूजा-अर्चना।



## फेस्ट

# मनोरंजन के साथ सुरक्षा के गुर सीख सकेंगे नन्हें सैनिक



**बिलासपुर।** गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को पढ़ाई से हटकर कुछ अतिरिक्त गतिविधियों में शामिल कर उनके संपूर्ण विकास के लिए आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल ने इस सत्र का पहला ग्रीष्मकालीन लाइफ वारियर कैरियर फेस्ट आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम के आयोजन की तिथि 17 से 19 मई निर्धारित की गई है। पंजीयन की तिथि जल्द घोषित कर दी जाएगी।

इस कैम्प में शहर व आसपास सभी क्षेत्रों के विद्यालयों के छात्र भाग लेकर अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखार सकेंगे। यह आयोजन एक्स डिफेंस ऑफिसर विपिन श्रीवास्तव एवं हिमांशु ज्ञानी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी, जिससे छात्रों का बहुमुखी विकास हो सके। इस कैंप का मुख्य आकर्षण फिजिकल एक्टिविटी की रनिंग, लाइन एरिया, ड्रिल स्क्वायड, मानचित्र पढ़ना, दिशा ढूंढना, अग्नि सुरक्षा हर्डल रेस, स्कैटिंग, शॉर्टपुट, रोप राफ्टिंग आदि से जुड़ा प्रशिक्षण होगा। साथ ही देशभक्ति मूवी, शोज, नो योर आर्मी काउंटर के माध्यम से भी अभिभावकों और बच्चों को सैनिकों की दिनचर्या से अवगत कराया जाएगा। एक सैनिक स्कूल का छात्र 12वीं कक्षा के पश्चात अपना कैरियर अन्य कई क्षेत्रों में कैसे बना सकता है, इसकी जानकारी विद्यालय के डिफेंस ऑफिसरों द्वारा अभिभावकों को दी जाएगी। कैंप के दौरान स्काउट एंड गाइड व एनएसएस की टीम का प्रदर्शन, पासिंग आउट परेड के वीडियो भी दिखाए जाएंगे।

**एवीएम सैनिक स्कूल में लाइफ वारियर कैरियर फेस्ट की तैयारी शुरू**

### आएगी एकता, अनुशासन की भावना

विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में एकता और अनुशासन की भावना विकसित होगी। विद्यालय के निदेशक एस. के जनास्वामी ने सात दिवसीय इस कैम्प के माध्यम से विद्यार्थियो की बहुमुखी प्रतिभा के विकास को बढ़ावा देने की बात कही। विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने कैंप में छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार गतिविधियों का चयन कर इस सुनहरे अवसर का भरपूर लाभ उठाने को कहा।

## सीयू एवं आईसीएसएसआर ने आयोजित की दो दिवसीय संगोष्ठी

# छत्तीसगढ़िया संस्कृति सतत विकास की ध्वजवाहक




**गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय की कला विद्यापीठ के अंतर्गत हिंदी विभाग एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन गुरुवार को रजत जयंती सभागार में हुआ। इस दौरान संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति दुनिया को सतत विकास का संदेश देती है।**

**बिलासपुर।** श्री चक्रवाल ने कहा कि कला जीवन जीने की आत्मा है, जो इस तथ्य को पहचान जाता है। उसे आत्मबोध और मुक्तिबोध हो जाता है। कला व्यक्ति के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने में अहम किरदार निभाता है। दुनिया में सर्वोत्तम निवेश का साधन कला है। छत्तीसगढ़ का बस्तर आर्ट, व्यंजनों की श्रृंखला, लोक कला और साहित्य के साथ ही जीवन जीने की सरलता इसे समूचे राष्ट्र में अलग स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का वन सौंदर्य, स्थापत्य कला और आनंदित कर देने वाला वातावरण युवाओं को जानना और समझना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी शिक्षा की समग्रता के पक्ष को विशेष रूप से उल्लेखित किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुरली मनोहर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभय एस. रणदिवे ने किया।

### पत्रिका स्वनिम व स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों ने हिंदी विभाग की त्रैमासिक पत्रिका स्वनिम तथा संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन किया। अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया।

### उपलब्ध कराया गया प्रायोगिक ज्ञान

संगोष्ठी के समानांतर सत्र में प्रो. पवन सुधीर ने कार्यशाला आयोजित कर प्रतिभागियों को कला एवं सस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं का प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराया। प्रथम तकनीकी सत्र में साहित्य में परम्परागत कलाओं की भूमिका विषय पर विशेष वक्ता डॉ. राजाराम त्रिपाठी, प्रयोगधर्मी किसान वैज्ञानिक व संपादक ककसाड़ पत्रिका छत्तीसगढ़ ने अपने विचार व्यक्त किए। परंपरागत संगीत के संरक्षण में स्त्रियों की भूमिका विषय पर रेखा देवार, छत्तीसगढ़ी ददरिया लोक-कलाकार तथा परंपरागत कला और संस्कृति के विकास में विश्वविद्यालयों की भूमिका विषय पर प्रो. मनीष श्रीवास्तव, आचार्य अंग्रेजी विभाग ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान प्रतिभागियों ने शोध-पत्रों का प्रस्तुतीकरण भी किया।

### शिक्षा को प्रसारित किया जा रहा समग्र रूप से

प्रो. पवन सुधीर एनसीईआरटी नई दिल्ली ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के नाम पर स्थापित यह विश्व विद्यालय आश्रम की तरह है। जहां शिक्षा को समग्र रूप से प्रसारित किया जा रहा है। कार्यशाला के विषय को समीचीन बताते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला केवल कला और सामाजिक विज्ञान से जुड़े प्रतिभागियों को लिए नहीं है बल्कि सूचना, तकनीक एवं विज्ञान से जुड़े युवाओं के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि हर बीज में वृक्ष बनने की क्षमता है। ऐसे में हमें अपनी योग्यता और क्षमता को पहचानना होगा।

### तरंग बैण्ड ने दी कुलगीत की प्रस्तुति

इससे पूर्व संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन मां सरस्वती एवं बाबा गुरु घासीदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मंचस्थ अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। तरंग बैंड के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी। सह संरक्षक प्रो. अनुपमा सक्सेना ने स्वागत उद्बोधन दिया। संगोष्ठी की संयोजक हिन्दी विभाग की अध्यक्ष एवं सह आचार्य डॉ. गौरी त्रिपाठी ने संगोष्ठी के विषय "परंपरागत भारतीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण में स्त्रियों की भूमिका" का विस्तार से प्रवर्तन किया।

## एजुकेशन अपडेट

# नीट के लिए सिटी स्लिप जारी मिलेगी परीक्षा केंद्रों की सूचना

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने देश भर के मेडिकल, डेंटल, आयुष और नर्सिंग कॉलेजों में संचालित होने वाले स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में इस साल दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी के लिए सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है। एजेंसी द्वारा कैंडिडेट्स को स्लिप बुधवार 24 अप्रैल को जारी की गई। सिटी स्लिप में छात्रों के परीक्षा केंद्र सहित सभी तरह की जानकारी दी गई है।




### कर सकते हैं शिकायत

ऐसे में जिन स्टूडेंट्स ने नीट यूजी 2024 प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे अपनी आवंटित परीक्षा की जानकारी के लिए स्लिप को डाउनलोड करने के लिए इस परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट, **neet.ntaonline.in** पर विजिट करें। इसके बाद होम पेज के जरिए उम्मीदवार डाउनलोड पेज पर पहुंच सकते हैं। फिर उम्मीदवारों को अपना अप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ की डिटेल भरकर सब्मिट करनी होगी। इसके बाद उम्मीदवार अपनी एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप को स्क्रीन पर देख सकेंगे, जिसका प्रिंट लेकर बाद सॉफ्ट कॉपी कैंडिडेट्स रख सकते हैं।

## प्रतियोगिता

# पेंटिंग में 140 बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज महासभा ट्रस्ट ने 15 दिवसीय निःशुल्क पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इसमें समाज के सैकड़ों बच्चों, युवक युवतियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। अंत में एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कार बांटे गए।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट पंजीकृत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सुजाता गुप्ता ने कहा कि संगठित रहकर ही समाज को सशक्त व सुदृढ बनाया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहीं अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट की राष्ट्रीय सदस्य दीपमालिका गुप्ता ने शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस दौरान समाज के लगभग 140 बच्चों ने पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर में लाइन प्रैक्टिस, 3डी शेप, शेडिंग, आसान पोर्ट्रेट ड्राइंग, पेंसिल कलर शेडिंग, ऑयल पेस्टल, ऐक्रेलिक पेस्टल पेंटिंग सीखकर अपनी प्रतिभा को तराशा। अतिथियों ने प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत कर उनकी हौसला आफजाई की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ विश्वनाथ गुप्ता, दीपा गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, रमेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता,सुनीता गुप्ता, पेंटिंग शिक्षक हिमानी गुप्ता, सोमी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार**

# बिलासपुर की सीनियर टी-20 के लिए दोनों टीम घोषित



### पहला मैच होगा रायपुर के मध्य

बिलासपुर का पहला मैच 26 अप्रैल को रायपुर के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच 27 अप्रैल को जशपुर के मध्य, तीसरा मैच 30 अप्रैल को बीएसपी के मध्य और चौथा मैच 2 मई को दुर्ग के मध्य खेला जाएगा। बिलासपुर ब्लू का पहला मैच प्लेट कंबाइंड के मध्य 26 अप्रैल को, दूसरा मैच 27 अप्रैल को बीसीए के मध्य, तीसरा मैच रायपुर ब्लू के मध्य 30 अप्रैल को और चौथा मैच 2 मई को महासमुंद के मध्य खेला जाएगा।

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा इस वर्ष भी सीनियर टी-20 एलिट इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शुक्रवार 26 अप्रैल से 5 मई 2024 तक किया जाएगा। सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा चयनकर्ता देवेन्द्र सिंह, शैलेश सैमुअल और अभिषेक सिंह द्वारा बिलासपुर की सीनियर टी-20 टीम घोषित कर दी गई है। इसमें बिलासपुर सीनियर वर्ग में आशीष पांडेय, परिवेश धर, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद शहबाज हुसैन, अतुल शर्मा (कप्तान) पवन परनाते, प्रवीण कुमार यादव, शिवेंद्र सिंह, अभिजीत टाह, श्रेयम सुंदरम, वासुदेव बरेठ, मयंक यादव, ओम वैष्णव, शेख साहिल हुसैन, आनंद पासवान, ऋषभ ध्रुव आदि शामिल हैं। टीम के कोच सुशांत शुक्ला और ओम प्रकाश यादव हैं। वहीं बिलासपुर ब्लू में प्रथम सिंह, रोहित नेतानी, सुयश बस्त्रकार, अनुज कुमार सिंह, तनय अग्रवाल, सनी पांडेय, इम्तियाज खान, अल्तमस खान, अनुराग मिश्रा, स्नेहिल चड्डा, शुभम यादव, रविरोशन सिंह, नावेद अली, अभिषेक सोहगौरा, शुभम सिंह ठाकुर, दीपक सिंह बघेल, अमन मौर्य, बी. मीणा, मितेश ब्याढवाल, शहनवाज हुसैन शामिल है। टीम के कोच शैलेश सैमुअल हैं। उक्त जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

**एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता आज से चलेगा 5 मई तक**

# मुर्गे पर सवार सोलापुरी माता के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**बिलासपुर।** बारह खोली चौक, स्टेशन रोड में श्री सोलापुरी माता पूजा सेवा समिति द्वारा सोलापुरी माता पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन का यह 24वां वर्ष है, जहां प्रतिदिन गीली हल्दी से देवी के अद्भुत स्वरूपों की रचना कर पूरे भक्ति भाव से पूजा अर्चना की जा रही है, जिसमें शामिल होने बिलासपुर ही नहीं बल्कि रायपुर, भिलाई , दुर्ग जैसे अन्य शहरों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि गुरुवार को यहां मां सोलापुरी की प्रिय बहन की पूजा अर्चना की गई। विशाल काय मुर्गे पर सवार मां का दिव्य स्वरूप देखते ही बन रहा था। अपने पूर्ण आकार में चारभुजा वाली देवी के एक हाथ में शंख, दूसरे में चक्र, तीसरे में त्रिशूल और चौथा हाथ अभय मुद्रा में है। पुजारी पार्थ सारथी ने बताया कि मां सोलापुरी का जन्म स्थान उड़ीसा का कटक है, जहां से उन्हें पश्चिम बंगाल के खड़कपुर लाया गया। खड़कपुर में वैसे तो उनके कई मंदिर है लेकिन मुख्य मंदिर में वर्ष भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। वैसे तो खड़कपुर में अलग-अलग मोहल्ले में वर्ष भर माँ सोलापुरी की पूजा जारी रहती है। मान्यता है कि मां सोलापुरी की पूजा अर्चना करने से



गर्मी के दिनों में होने वाले चेचक, बुखार आदि से मुक्ति मिलती है, तो वही वातावरण में शीतलता आती है।

गुरुवार को पुजारी पार्थ सारथी ने मां सोलापुरी ने लाल साड़ी और हरा ब्लाउज के साथ विभिन्न आभूषणों से उनका श्रृंगार किया। मां के सर पर मुकुट है और उनकी रक्षा स्वयं शेषनाग कर रहे हैं। गुरुवार को इस आयोजन में शामिल हुए विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व विधायक शैलेश पांडे और भाजपा नेता डॉ देवेंद्र कौशिक आदि ने मां की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तो वही अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस धार्मिक आयोजन से जहां लोग आध्यात्मिक शक्ति अर्जित कर रहे हैं तो वहीं सामाजिक रूप से भी उनमें एकजुटता आ रही है।

### आज कुमकुम पूजा

उत्सव के दौरान हर वर्ष आयोजन के दौरान पड़ने वाले शुक्रवार को कुमकुम पूजा का आयोजन किया जाता है। अखंड सौभाग्य की कामना के साथ महिलाएं उपवास रखकर यह पूजा करती है। इस बार भी 600 से अधिक महिलाओं ने इसके लिए पंजीयन कराया है। शुक्रवार सुबह पूजा पंडाल में महिलाएं कलश स्थापित कर वस्त्र, सुहाग सामग्री, नारियल, फल, फूल आदि से उसे सजाएंगी। फिर गणेश पूजन के बाद 1008 नाम जाप किया जाएगा। अपने पति के दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ करीब 3 घंटे तक यह पूजन चलेगा। इसके बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष वी राम राव और उनकी पत्नी वी हेमलता द्वारा सभी सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की जाएगी। इस अवसर पर के के राव के सौजन्य से महिलाओं के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

### खिचड़ी का लगाया भोग

मां सोलापुरी को प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार का भोग अर्पित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को देवी को बंगाली खिचड़ी का भोग चढ़ाया गया। पूजा आरती के पश्चात हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर भोग प्रसाद प्राप्त किया। पूजा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा पंडाल में ही लकी ड्रॉ निकालकर महिलाओं और बच्चों को आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं।

## सभी पर्वों पर होगा सेलीब्रेशन, पूजा, पाठ, दान-पुण्य का चलेगा क्रम

# बैशाख माह में त्यौहारों की भरमार, सबका अलग महत्व

**कार्नर न्यूज**

**माह बैशाख आरंभ हो गया है। इस महिने पर्वो, त्यौहारों की भरमार है और सभी का अपना एक अलग महत्व है। इसी महत्ता के चलते सभी पर्वो को उत्साह एवं विधि-विधान से मनाया जाता है। मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद बांटे जाएंगे। दान-पुण्य का क्रम चलेगा।**

**बिलासपुर।** पर्व एवं दिवस शुभारंभ के क्रम में 1 मई को श्रमिक एवं हास्य परिहास दिवस पड़ रहा है। इस दिन श्रमिकों के सम्मान में विविध आयोजन किए जाते हैं। हास्य क्लबों द्वारा ठहाके से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ के बारे में बताए जाएंगे। 5 मई को संत सेन जयंती मनाई जाएगी। इस दिन श्रीवास समाज द्वारा सेन भगवान की पूजा कर माल्यार्पण किया जाएगा। 6 मई को शिव चतुर्दशी व्रत पर भगवान शिव की पूजा की जाएगी। शिव भक्त जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। 7 मई को अमावस्या श्राद्ध, 8 मई को स्नान, दान अमावस्या है। इस दिन लोग सुबह स्नान कर दान पुण्य करेंगे। 9 मई को गुरु अर्जुनदेव जयंती पर पंजाबी समाज द्वारा गुरुद्वारा में शबद कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।



### अक्षय तृतीय पर होगी गुड्डे-गुड़ियों की शादी

10 मई को अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती एक साथ पड़ रही है। इस दिन सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। अक्षय तृतीया होने के कारण दान-पुण्य का क्रम चलेगा। इस दिन जल दान का बड़ा महत्व होता है, इसलिए लोग घड़े, सुराही का दान करेंगे। प्याऊ घर खोले जाएंगे।

### की जाएगी भगवान विष्णु की पूजा

वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन लोग व्रत रख कर भगवान विष्णु की पूजा करेंगे। 22 मई को भगवान नरसिंह प्रकटोत्सव पर पूजा, आरती कर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 23 मई को बुद्ध जयंती है।

### नारद थे सृष्टि के पहले संदेश वाहक

25 मई को नारद जयंती मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नारद मुनि ब्रह्माजी की गोद से पैदा हुए थे। ब्रह्माजी का पुत्र बनने के लिए उन्होंने कड़ी तपस्या की थी। वह सृष्टि के पहले संदेश वाहक यानी पत्रकार भी माने जाते हैं। देवर्षि नारद को समाचार का देवता भी कहा जाता है।

### होगी सिद्धि विनायक गणेश भगवान की पूजा

11 मई को विनायक चतुर्थी पड़ रही है। इस दिन शहर के गणेश मंदिरों में विशेष पूजा, अभिषेक किया जाएगा। प्रसाद का वितरण भी होगा। इस साल मदर्स डे 12 मई को मनाया जा रहा है। मदर्स डे एक ऐसा स्पेशल दिन है जिसे दुनिया भर की मांओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन बच्चे अपनी मां के साथ समय बिताते हैं या उन्हें उपहार देकर या उनके लिए कुछ खास करके उनके प्रति अपना प्यार और आभार व्यक्त करते हैं। 13 मई को रामानुजाचार्य जयंती की धूम रहेगी। 14 मई को गंगा सप्तमी व चित्रगुप्त प्रकटोत्सव, 15 मई को केंवट जयंती एवं 16 मई को जानकी जयंती है।

## ग्रामीणों ने कहा- पानी की तलाश में भटक रहे वन्यजीव

# बीमार हालत में सड़क किनारे मिला सफेद भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



मरवाही वन क्षेत्र में एक बार फिर सफेद भालू को देखा गया है। इस बार एक भालू के शावक को सड़क किनारे बीमार हालत में देखा गया है। एकबारगी लोगों ने समझा कि भालू का शावक आराम कर रहा है। फिलहाल वन विभाग की टीम उसकी सुरक्षा में जुटा हुआ है।

मरवाही वनमंडल के मरवाही वन रेंज के महौरा बीट में सफेद भालू का शावक प्यास से व्याकुल हो अस्वस्थ अवस्था में अपने परिवार से बिछड़ कर भटक गया और अलग थलग हो गया था। अनुमानित दो वर्ष की आयु के सफेद शावक को ग्रामीणों ने उठाकर पानी पिलाया और इस शावक की रक्षा की। सफेद भालू के शावक के इस तरह से यहां पहुंचने पर गांववासियों में कौतूहल है। शावक भालू सुस्त और भागने में अक्षम लग रहा है। गांव वालों द्वारा पानी पिलाये जाने के बाद बार बार बेहोश सा हो जा रहा है। संभावना है कि भालू शावक अस्वस्थ है। इसकी सूचना गांव वालों ने वन विभाग दे दी है। वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि अपने परिवार से शावक भालू बिछड़ गया है। गांव वालों से इसकी जानकारी सुबह मिली है। सूचना मिलते ही वन विभाग ने शावक भालू को अपनी देखरेख में लेकर उसका पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। इस इलाके में भालू के साथ 2 नन्हे शावक पहले भी देखे जा चुके हैं। संभावना है कि ये उसी काले मादा भालू का बच्चा है। इसलिए, बच्चे को वन विभाग के अमले से निगरानी करवाई जा रही है। आसपास ही उसके परिवार के होने की संभावना है जिससे मां के पास वापस बच्चा सुरक्षित जा सके। फिलहाल बिलासपुर से डॉक्टरों की टीम बुलाई जा रही है जो भालू का स्वास्थ्य संबंधित चेकअप भी करेंगे।

■ परिवार से बिछड़कर भटक गया नन्हा शावक

### जीन्स में परिवर्तन हो जाता है रंग भी परिवर्तित

बता दें कि मरवाही के जंगलों में भालुओं की संख्या सर्वाधिक है। इस क्षेत्र को भालू लैंड के नाम से जाना जाता है। पहले भी इस इलाके में सफेद भालू की मौजूदगी की फोटो और वीडियो वायरल होते रहे हैं। ये सफेद भालू दरअसल अल्बिनो है जो कि जीन्स में परिवर्तन के कारण सफेद रंग में परिवर्तित हो जाते है जो कि बेहद दुर्लभ हैं। ज्ञात हो कि मरवाही के जंगलों में सफेद भालू पहली बार छत्तीसगढ़ बनने से पहले साल 1995 में मिला था। उसे इंदिरा उद्यान पेंड्रा के रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था, लेकिन दुर्लभ प्रजाति का होने के कारण इसे तब मध्यप्रदेश शासन ने भोपाल के चिड़ियाघर भिजवा दिया, जहां वह कई वर्षों तक रहा।

## वन क्षेत्र में बिजली सप्लाई वाले स्थानों का संयुक्त टीम ने किया सर्वे



**लोरमी।** खुड़िया व एटीआर वन परिक्षेत्र में बिजली सप्लाई वाले स्थानों का वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सर्वे किया। सर्वे में टीम ने शिकार के सम्भावित 30 ऐसे स्थानों को चिन्हांकित किया है जहां खुले तार से करंट सप्लाई हो रही है। ऐसे स्थानों का जीपीएस लोकेशन का डाटा भी दर्ज किया जा रहा है। जिससे यहां शिकार या दुर्घटना की रोकथाम के लिए कारगार कदम उठाया जा सके। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में हाथी से लेकर तेंदुआ, भालू, चीतल, जंगली सुअर व अन्य वन्य प्राणियों की करंट के चपेट में आने से मृत्यु हो चुकी है। कुछ दिनों पूर्व यहां आठ ग्रामीणों के पास से वर्ग एक के श्रेणी में आने वाले जानवरों के दांत, नाखून एवं बाल सहित अवशेष जब्त किए है। बताया जा रहा है करंट की मदद से शिकारियों द्वारा बड़े आसानी से वन्यजीवों का शिकार किया जाता है, तो कभी तार को काटकर जमीन में ही छोड़ दिया जाता है। वहां से गुजरने वाले सभी जानवर विद्युत तारंगित के तार के चपेट में आ जाते हैं।

**सर्वे किया है** संयुक्त दल की 4 टीम ने 30 किमी विद्युत सप्लाई वाले स्थानों का सर्वे किया है। जिसके बाद विद्युत विभाग को इस समस्या के उपाय के लिए विभाग पत्र लिखेगा। -हंसदास सूर्यवंशी, एसडीओ, वनविभाग

# दूसरे दिन भी नहीं मिला लापता मछुआरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट डेम में मछली पकड़ने के लिए गए युवकों की नाव आंधी के कारण पलट गई। हादसे में एक युवक को आसपास के लोगों ने किसी तरह बाहर निकाल लिया। वहीं, एक युवक लापता है। घटना की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया। घटना के दूसरे दिन भी लापता युवक को एसडीआरएफ की टीम नहीं ढूंढ पाई थी।

रतनपुर थाना प्रभारी व प्रशिक्षु आइपीएस अजय कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम कुछ लोग खूंटाघाट डेम में मछलियां पकड़ रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी आ गई। आंधी के कारण मछली पकड़ रहे राहुल और पंकज निषाद की नाव डेम में पलट गई। आसपास के लोगों ने उनकी नाव पलटते देख दोनों को बचाने का प्रयास किया। लोगों ने किसी तरह राहुल को बचाकर किनारे पर लाया। वहीं, पंकज पानी की गहराईयों में गायब हो गया। लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। साथ ही हादसे की जानकारी एसडीआरएफ की टीम को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर शाम को ही एसडीआरएफ की टीम भी खूंटाघाट पहुंच गई। एसडीआरएफ के जवानों ने लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है। रात होने के कारण जवानों को युवक की तलाश में परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। मौके पर पुलिस के जवान भी तैनात है।

■ आंधी चलने से खूंटाघाट में पलट गई थी नाव

देर रात तक युवक की तलाश नहीं की जा सकी है। जवानों ने बताया कि सुबह एक बार नए सिरे से युवक की तलाश की जाएगी।

### किनारे की ओर लौट रहे थे युवक

आसपास के लोगों ने बताया कि शाम को युवक डेम में मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान तेज हवा शुरू हो गई। हवा के दबाव के कारण उठे लहरों को देखते हुए युवक किनारे की ओर लौट रहे थे। किनारे पर पहुंचने से पहले ही उनकी नाव पलट गई। इसे देख आसपास के लोगों ने दोनों को बचाने का प्रयास भी किया। उन्होंने एक युवक को किसी तरह बचा भी लिया। वहीं, दूसरा साथी पानी में गायब हो गया।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**तखतपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे बुजुर्ग को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम पिपरहट्टा निवासी राजकुमार पात्रे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता तिजऊ पात्रे और साथी मनराखन पाटले वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। तभी तखतपुर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 28 क्यू 0716 के चालक ने तेज एवं लापरवाही गति से चलाते हुए टक्कर मार दिया।जिससे तिजऊ पात्रे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में बाइक चालक रोहन रात्रे भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने प्रार्थी राजकुमार पात्रे की रिपोर्ट पर भादवि की धारा 304 ए कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण ने पड़ोसी के घर में लगाई फांसी, मौत

**मल्हार।** पड़ोसी के घर में जाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गोंडाडीह निवासी लीलाराम राय पिता चेतन राय उम्र 46 वर्ष बुधवार सुबह गांव में घूमकर आने की बात कहकर निकला था। जिसकी गुरुवार सुबह पड़ोसी श्यामलाल लहरे के घर में फांसी पर लटकी लाश मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने बताया कि जिस घर में लीलाराम राय ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है वह परिवार सहित बाहर गया हुआ है। घर को खाली समझ मृतक ने छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पचपेड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है।

### दिल्ली व रायपुर की टीम ने खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की



**कोरबा।** जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शमिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

## पृथ्वी बनाम प्लास्टिक की थीम पर मना पृथ्वी दिवस




**मस्तूरी।** अदाणी एसीसी सीमेंट के जामुल और चिल्हाटी इकाई में सोमवार को 54वां विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी के संरक्षण के लिए इस साल जारी थीम 'पृथ्वी बनाम प्लास्टिक' पर एसीसी लिमिटेड के जामुल ईकाई, एसीसी चिल्हाटी प्रोजेक्ट में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मस्तूरी क्षेत्र के पांच गांवों गोडाडीह, विद्याडीह, बोहरडीह, लोहार्सी, भुरकुंडा गांव के शासकीय स्कूलों में पोस्टर पेंटिंग, गीत, संगीत, भाषण का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने तालाब, मंदिर परिसर, स्कूल की सफाई कर सिंगल यूज प्लास्टिक से पृथ्वी को हो रहे नुकसान एवं बचाव के लिए प्लास्टिक के कम इस्तेमाल कने जागरूकता रैली भी निकाली। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एसीसी लि.जामुल के पर्यावरण विभाग प्रमुख तपन कर्माकर, फोरडी कंसलटेंट से देवाशीष प्रधान, अदाणी फाउंडेशन जामुल से देबब्रत सरकार मौजूद थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव



**मल्हार।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्राचार्य एमके श्रीवास्तव ने कौशल आधारित शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और प्रेरणा उत्सव के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास लाने की बात कही। चयनित अभ्यर्थियों का विशेष प्रशिक्षण गुजरात में होने की जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक एनपी नामदेव ने पंजीकृत अभ्यर्थियों की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से छात्र छात्राओं में अनुभवात्मक ज्ञान तथा भारतीय विरासत, सकारात्मक रवैया और तकनीकी आदि नौ तरह के मूल्यों को विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम में शैक्षिक व व्यक्तित्व विकास का बहुआयामी उत्सव रहा जहां बिलासपुर जिले से शासकीय, अशासकीय विद्यालयों से आए अभ्यर्थियों ने निबंध, कविता और चित्रकला के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें लिखित और साक्षात्कार प्रक्रिया को अपनाया गया।

## 20 मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा गया




**तखतपुर।** मवेशियों को भरकर जबलपुर बुचड़खाना ले जा रहे ट्रक को शहर के ए न ए स यू आ ई विधानसभा अध्यक्ष व गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने धारा 10, 4, 6, छत्तीसगढ़ कृषक पशु अधिनियम की धारा 11घ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात लगभग 1:30 बजे ग्राम छिरहा पचबहरा में कुछ लोग बूचड़खाना ले जाने 20 मवेशियों को ट्रक में लोड कर रहे है। जिसके बाद सत्यम ताम्रकार, विरेंद्र ताम्रकार, सुभाष कैवर्त, शुभम भोई, गोविंद धुरी, दौलत राजपूत, मानस वैष्णव, सोम ठाकुर, वीरू ताम्रकार, चिराग द्विवेदी, दीपक लहरे, सूर्या पाण्डेय, अभय, दीपक पटेल, टिक्कू गुप्ता, निहाल मौके पर पहुंचे। जहां वाहन क्रमांक सीजी 10 बी जे 9265 तखतपुर की ओर आते दिखा। जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तब कंडक्टर साइड से दो युवक भाग निकले।



## मतदान कराने आत्मानंद स्कूल में दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक एक और दो को प्रशिक्षण आत्मानंद विद्यालय में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में किस तरह से मतदान के पूर्व मॉक पोल और मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करना है इसके संबंध में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा जानकारी दी जा रही है। मतदाता किस तरह से मतदान के समय प्रवेश करेगा तो और अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेगा इससे संबंधित सभी बिंदुओं पर जानकारी मतदान कर्मियों को दी जा रही है। प्रशिक्षण में एसडीम डॉ.ज्योति पटेल के द्वारा सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों को कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। प्रशिक्षण संपन्न करने तहसीलदार अश्विनी कंवर, सोनू अग्रवाल, खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला, एबीओ सूर्यकांत जायसवाल, कानूनगो बृजेश पांडे, मास्टर ट्रेनर राजीव शर्मा, एसके पांडे, श्रीकांत मिश्रा, संतोष पांडे ,हुप सिंह छतरी, राजेश कौशिक, प्रदीप पांडे, अनिल सिंह ठाकुर, रमाकांत पांडेय सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## नवमीं व ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में नवमीं व ग्यारहवीं की परीक्षा का परिणाम प्राचार्य एसके पांडेय, बीईओ जितेंद्र शुक्ला की उपस्थिति में घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

बीईओ ने कहा कि छोटे कक्षा में बच्चों को परीक्षा परिणाम को लेकर चिंता नहीं होती है। क्योंकि वे इतने गंभीर नहीं होते परंतु जैसे-जैसे कक्षा बड़ी होती जाती है परीक्षार्थी भी परिणाम को लेकर गंभीर होते जाते हैं। जो परिश्रम करता है वह अपने परिणाम को लेकर आश्वस्त रहता है। प्राचार्य ने कहा कि परिणाम को लेकर चिंता नहीं बल्कि मनन करनी चाहिए कि परिणाम को और बेहतर कैसे किया जा सके। एचएस क्षत्री ने कहां कि परिणाम हमें बताता है कि हम कितना परिश्रम किए थे। संचालन व्याख्याता रश्मि मिश्रा, आभार प्रदर्शन मिनाज खान ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, एसके पांडेय, एचएस क्षत्री, रश्मि मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, मीनाज खान, आमोद एक्का, कामिनी गुप्ता, दिब्या मिश्रा, माहेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, अंकित विश्वकर्मा, संदीप ध्रुव, मयंक यादव सहित छात्राएं व पालक उपस्थित रहे।

### बालक हाई स्कूल

जनकलाल मोतीलाल पाण्डेय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला तखतपुर में वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज प्रभारी प्राचार्य प्राचार्य श्रीमती डीएच कुंजाम की उपस्थिति में स्थानीय परीक्षा प्रभारी संजय ठाकुर द्वारा घोषित किया गया। जिसमें नवमी में प्रथम बादल पात्रे 84%, द्वितीय कु शैली लाल 78.33%, तृतीय कु मंजू रजक 64.33% रहे। ग्यारहवीं कला में प्रथम योगेश्वर पटेल 71.4%, द्वितीय कु गीता कौशिक 70%, तृतीय अजय कुमार धुरी 68.4%, ग्यारहवी विज्ञान में प्रथम कु प्रतिमा मानिकपुरी 90.4%, द्वितीय पवन सोनवानी 90.2%, तृतीय विशु बघेल, 89.2% ग्यारहवी कॉमर्स प्रथम भूपेंद्र पटेल 86.6%, द्वितीय पंकज लाल76.8%, तृतीय विशाल सिंह 69.8% रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीकान्त मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डीएच कुंजाम, व्याख्याता श्रीकान्त मिश्र, संजय ठाकुर, सीबी देवांगन, विनोद जायसवाल, माधुरी राजपुर, रोहित चलपे, विनोद चंद्रवंशी ,करुणा गंधर्व, राम सनेही पटेल, चंद्रशेखर, शेखर उपस्थित रहे।

## शराब दुकानों की सुरक्षा भगवान भरोसे आए दिन कट्टे की नोक पर हो रही लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के देसी विदेशी शराब दुकानों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। आए दिन शराब दुकानों में लूटपाट की घटना हो रही है। इसके बाद भी विभाग शराब दुकानों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। जिसके चलते ऐसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। एक दिन पहले ही पाली स्थित शराब दुकान में 3 लाख रुपए की लूट की वारदात हुई है। जिससे एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। हालांकि पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 16 देसी और 17 विदेशी शराब दुकान हैं। इन शराब दुकानों में सुरक्षा के नाम पर भले ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती है लेकिन वह भी बिना हथियार के होते हैं। जिसके चलते देर रात जब दुकान बंद करने का समय होता है ऐसे में शराब दुकानों में दिनभर की बिक्री की रकम लाखों रुपए पड़ी रहती है। ऐसे में लुटेरे लूट की मकसद से मौके पर पहुंचते हैं। सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए वे शराब दुकान में घुसकर लाखों की रकम लेकर फरार हो जाते हैं।

## निधन

### कमला भगतानी

बिलासपुर। रामा वैली निवासी कमला भगतानी निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे 66 वर्ष की थीं, वे स्व. गोवर्धन दास भगतानी की पत्नी, निहाल चंद भगतानी की भाभी तथा गौतम रोहरा की सास थीं।



### कमला बाई सोनी

तखतपुर। वार्ड क्रमांक 9 निवासी श्रीमती कमला बाई सोनी का 73 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। वे मोहन, राजू, इंद्र, पवन, मनीलाल, छेदी व नवीन सोनी की मां थी। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार की सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।




## 5000 का ईनाम



तखतपुर वार्ड क्रमांक 2 निवासी निखिल पाठक के घर से पालतू कुत्ता पामेरियन जिसका रंग सफेद है जो कि 21 अप्रैल को रात 8:30 बजे घर से कहीं निकल गया है। जिसे बेलपान रोड़ में जसपाल सलूजा के वेल्डिंग के दुकान के पास आखिरी बार देखा गया है कृपया जिस किसी व्यक्ति को इस पामेरियन सफेद रंग के कुत्ते के विषय में जानकारी हो वे सूचना दें।

सूचना देने वाले को 5 हजार रूपए नगद ईनाम दिया जाएगा।

**निखिल पाठक**
वार्ड क्रमांक 2 कैलाश नगर
तखतपुर जिला बिलासपुर
मोबाईल नम्बर
9179681435


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग.
ईश्तहार

रा.प्र.क्र............/अ-2/2023-24
ग्राम- बसहा

01. चंद्रभान प्रसाद पिता गुहाराम पटेल 02. देवप्रसाद पिता गुहाराम पटेल निवासी बसहा तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) ...आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम बसहा प.ह.नं 10 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण चंद्रभान प्रसाद एवं देवप्रसाद दोनों पिता गुहाराम पटेल निवासी बसहा तहसील सीपत जिला बिलासपुर के द्वारा मौजा ग्राम बसहा प.ह.नं 10 रा.नि. मं. खम्हरिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 242/2 रकबा 0.8940 हे. में से 4360 वर्गफीट भूमि का व्यवसायिक (फ्लाई एश ब्रिक्स) प्रयोजन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 14.05.24 के लिए नियत है।

अत: जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.04.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती अमीना बानो उम्र 38 वर्ष पति श्री मोहम्मद तनवीर निवासी- तैबा चौक तालापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर, निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं, कृपया अवगत होवे कि, श्रीमती सुनीता माण्डले उम्र 54 वर्ष पति श्री सिरिल माण्डले निवासी- वैष्णवी विहार कालोनी उस्लापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.म. व तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 681/16 रकबा 20X55=1100 वर्गफुट को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, यदि उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो तो वे मेरे कार्यालय में संबंधित दस्तावेज के साथ इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। निर्धारित समयावधि के उपरांत की गई आपत्ति अवैध एवं विधि विपरीत होकर शून्यवत होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक - 25.04.2024

भवदीय
**राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अधिवक्ता**
**सॉई चेम्बर नवीन सामुदायिक भवन**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9301057048**

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार नाजनीन बानो उम्र 41 वर्ष पिता स्व. श्री अब्दुल अजीज निवासी - मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर, को निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन कराता हूं, कृपया अवगत होवे कि, संतोष कुमार नवरत्न उम्र 49 वर्ष पिता स्व. एम.एल. नवरत्न निवासी - तालापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा तिफरा प.ह.नं. 40 रा.नि.म. व तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 681/14 में से रकबा 20x55= 1100 वर्गफुट को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, यदि उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो तो वे मेरे कार्यालय में संबंधित दस्तावेज के साथ इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है । निर्धारित समयावधि के उपरांत की गई आपत्ति अवैध एवं विधि विपरीत होकर शून्यवत होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक - 25.04.2024

भवदीय
**राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अधिवक्ता**
**सॉई चेम्बर नवीन सामुदायिक भवन**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9301057048**

### न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार फर्द प्रकाशन

क्रमांक/Q/वा.तह.बोदरी/2024
बोदरी दिनांक - 22/04/2024

एदत द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल प्रसाद सुर्यवंशी एंव नवल किशोर दोनो पिता नत्थूलाल निवासी ग्राम बोदरी परसदा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 म.न. 03 रा.नि.म. बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 3/10 रकबा 0.4050 ए. भूमि को छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बिल्हा में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अत: उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 09/05/2024 तक कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी।

आज दिनांक 22/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

मैं अपने कार्यार्थी सुरेन्द्र कुमार सोनी आत्मज श्री शीतल प्रसाद सोनी निवासी बजरंग नगर तखतपुर, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे कार्यार्थी के पिता शीतल प्रसाद आत्मज स्व. शिवनारायण सोनी के नाम पर ग्राम जरेली, प.ह.नं. 27, रा.नि.नं. तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. में अन्य कृषि भूमि सहित खसरा नं. 132, 142 रकबा क्रमशः 0.4500, 0.2430 हेक्टेयर कुल 0.6930 हेक्टेयर (1.71 एकड़) भूमि राजस्व अभिलेख में दिनांक 21.09.2020 के पूर्व तक दर्ज रहा, को मेरे कार्यार्थी के भतीजा शुभम सोनी आत्मज राजेन्द्र कुमार सोनी द्वारा मेरे कार्यार्थी के पिता शीतल सोनी के विकृत मानसिक स्थिति का फायदा उठाते हुये छल पूर्वक मेरे कार्यार्थी सहित उनके अन्य भाई बहनों का हक हिस्सा को प्रभावित करने की बदनीयत से अपने नाम पर दिनांक 21.09.2020 को दिखावटी दान पत्र निष्पादित करा लिया गया है। तथा वर्तमान राजस्व अभिलेख अपने नाम पर दुरूस्त करा कर डायर्वसन करा लिया गया है। तथा अब बैंक में बंधक रखकर मोटी राशि उद्योग के नाम से फाईनेंस कराना चाहता है। अत: समस्त क्षेत्रीय, स्थानीय व राष्ट्रीयकृत बैंक प्रबंधक सहित अन्य संस्था या निगम को यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार से बंधक या ऋण संबंधी लेन-देन का कार्य शुभम सोनी आत्मज श्री राजेन्द्र सोनी के साथ न किया जावे। क्योंकि मेरे कार्यार्थी द्वारा उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में तथा-कथित फर्जी रूप से निष्पादित दान पत्र को प्रभाव शून्य कराये जाने हेतु सक्षम व्यवहार वाद पृथक से प्रस्तुत किया जा रहा है। एतद् सूचना जानें।

दिनांक 25.04.2024

भवदीय
**रवि सिंह क्षत्रिय (अधिवक्ता)**
**गुलजार नगर, पकरिया रोड,**
**तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 7000072731, 9893353316**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202312250500044
अ-27/2023-24
ग्राम खरसोला प.ह.नं. 04

// नोटिस //

प्रति, 1. इन्द्राणी दुबे पिता स्व. भूषणलाल निवासी ग्राम अंडमार तहसील अंडमार जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) 2. अजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामभाऊ पाण्डेय, 3. अशीष पाण्डेय पिता स्व. रामभाऊ पाण्डेय 4. अविनाश पाण्डेय पिता स्व. रामभाऊ पाण्डेय 5. प्रभा पाण्डेय पिता स्व. रामभाऊ पाण्डेय 6. माण्डवी पाण्डेय पिता स्व. रामभाऊ पाण्डेय स.क. 02 से 06 निवासी जेल रोड़ शास्त्री नगर वार्ड क. 08 कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी राजाराम पिता स्व. भूषण लाल जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम खरसोला तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सरगांव के रा.प्र.क. 202206251 000022 /अ-27 / 2021-22 पक्षकार रजनी विरूद्ध राजाराम वगैरह में पारित आदेश दिनांक 10/04/2023 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय धारा 05 शपथ पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है। जिस पर इस न्यायालय में राप्र.क. 202312250500044 / अ-27 / 2023-24 पक्षकार राजाराम विरूद्ध रजनी वगैरह ग्राम खरसोला तहसील सरगांव दर्ज किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 01/05/2024 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी

आज दिनांक 24.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)



# फाइनली कपिल शो पर आ ही गए मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर...

**मुंबई।** शाहरुख खान और सलमान खान के बाद अब फाइनली आमिर खान भी कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो पर आ चुके हैं। इस एपिसोड का प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसे देखकर शर्तिया आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर अगले मेहमान होंगे। शो का प्रोमो वीडियो बुधवार को जारी कर दिया गया है। जिसमें कपिल शर्मा आमिर खान से कहते नजर आ रहे हैं कि हमें तो लगा था आप हमारे शो पर आएंगे ही नहीं। बता दें कि सलमान खान और शाहरुख खान तो कपिल शर्मा शो पर नजर आ चुके हैं, लेकिन कभी आमिर खान ने इस मंच पर कदम नहीं रखा। प्रोमो वीडियो में जहां कपिल शर्मा कई मुद्दों पर आमिर खान की टांग खींचते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# हिना

## प्रोड्यूसर राजन शाही से नहीं होती बातचीत

'ये रिश्ता क्या कहलाता है' शो के प्रोड्यूसर राजन शाही और इसके कलाकारों के बीच अक्सर खटपट की खबरें आती रही हैं। ऐसी अटकलें थीं कि मोहसिन खान, हिना खान और हर्षद चोपड़ा जैसे अभिनेताओं के शाही के साथ रचनात्मक मतभेद थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल में राजन शाही ने हिना खान के साथ अपने मतभेदों को स्वीकार किया है, जिन्होंने शो में अक्षरा का किरदार निभाया था। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत हिना खान ने शो में मुख्य भूमिका निभाकर की थी। लोगों ने उस दौरान के एपिसोड्स को भी खूब पसंद किया था। हालांकि, हिना खान और शो के निर्माता राजन शाही के बीच झगड़े की अटकलें थीं। लेटेस्ट इंटरव्यू में राजन शाही ने इसका जवाब दिया और यह भी कहा कि वह हिना खान और उनमें आए बदलाव की सराहना करते हैं। राजन शाही ने कहा, 'जो लोग अपना काम जानते हैं, जो हिम्मत करते हैं, वो जिंदा रहेंगे। उदाहरण के लिए, हिना के साथ मेरे मतभेद थे, और अब भी हैं। लेकिन वह सर्वाइव कर गईं, क्योंकि उनमें वह प्रतिभा थी। वह हुनर और एक्स-फैक्टर था कि चीजों को कैसे बदलना है। वह एक फैशन आइकन बन गई। मैं उससे बात नहीं करता, लेकिन उसकी तारीफ करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'वो लड़की ने कितनी बुद्धिमानी से मेहनत की है, हा, हमारे आखिरी कुछ महीनों में दिक्कतें आई थीं। वो चैप्टर क्लोज हो गया लेकिन उस लड़की ने खुद को रीइन्वेंट किया। मेहनत की, आज भी कर रही है, ग्रांटेड नहीं ले रही है।




## हॉलीवुड मसाला



# 'डेडपूल एंड वुलवरिन' के ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर में ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड्स के बीच में बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई दे रही है। फिल्म में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल की भूमिका में नजर आने वाले हैं वहीं ह्यू जैकमैन वूल्वरिन के किरदार में दिखाई देंगे।




# हॉरर फिल्म में साथ होंगे अल पचीनो-डैन स्टीवंस

**लॉस एंजिल्स।** डैन स्टीवंस और अल पचीनो हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड मिडेल करने वाले हैं। वहीं, इसकी कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर' से लेकर 'अबीगैल' और आगामी 'कुक्कू' तक, डैन स्टीवंस हाल ही में हर जगह हैं। इसी बीच उनकी नई फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट की मानें तो डैन स्टीवंस ने एक अन्य फिल्म के लिए अल पचीनो के साथ हाथ मिलाया है। दोनों एक्सवाईजेड फिल्म्स और निर्देशक डेविड मिडेल की हॉरर मूवी 'द रिचुअल' का हिस्सा बन गए हैं। वेरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, अल पचीनो और डैन स्टीवंस दोनों हॉरर फिल्म 'द रिचुअल' के कलाकारों में शामिल हो गए हैं।



# परिवार में नहीं करतीं पॉलिटिक्स...

**मुंबई।** आलिया भट्ट जितनी प्रोफेशनल लाइफ में अच्छी हैं, उतना ही पर्सनल लाइफ में वह सबकी फेवरेट हैं। वह अपने ससुराल वालों की भी फेवरेट हैं। आलिया भट्ट अपने ससुराल वालों के बहुत करीब हैं। ना सिर्फ शादी के बाद बल्कि शादी से पहले ही आलिया, कपूर परिवार के हर सुख-दुख में साथ रही हैं। आलिया अपनी सासू मां नीतू कपूर के साथ-साथ अपनी उनकी रिद्धिमा कपूर के भी बहुत करीब हैं। रिद्धिमा सोशल मीडिया पर भी कोई मौका नहीं छोड़ती हैं उन पर प्यार बरसाने पर। अब रिद्धिमा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी भाभी के तारीफों के पुल ही बांध दिए हैं। रिद्धिमा ने उस समय के बारे में बताया जब ऋषि कपूर को कैंसर हुआ था। रिद्धिमा ने बताया कि आलिया, ऋषि कपूर के बहुत करीब थीं।



# 'हीरामंडी' शो को लेकर बटोर रहे सुर्खियां

**मुंबई।** शेखर सुमन इन दिनों अपने आगामी शो 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस शो से वे काफी समय बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। शेखर सुमन के लिए यह शो इसलिए भी खास है, क्योंकि इस शो में वे अपने बेटे अध्यन सुमन के साथ पहली बार एक्टिंग करते दिखाई देंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान वे अपने पुराने चैट शो 'सिंपली शेखर' के बारे में बातें करते नजर आए। इतना ही नहीं शेखर इंटरव्यू के दौरान दिवंगत अभिनेत्री परवीन बाबी के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे करते दिखे इन दिनों सोशल मीडिया पर शेखर सुमन के शो 'सिंपली शेखर' का एक क्लिप काफी वायरल हो रहा है। उस क्लिप में परवीन बॉबी अमिताभ बच्चन के बारे में बातें करती नजर आ रही हैं। यह इंटरव्यू परवीन बॉबी ने अपनी मृत्यु से पहले दिया था।

## टीवी मसाला



# कौन बनेगा करोड़पति का इंतजार जल्द होगा खत्म

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 की शुरुआत जल्द होने वाली है। इस बीच शो के होस्ट बिग बी ने सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें अमिताभ बच्चन ने मंगलवार रात को अपने ब्लॉग पर शेयर की थी। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन इन दिनों टीवी के पसंदीदा क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की शूटिंग में व्यस्त है। अमिताभ बच्चन जल्द ही दर्शकों के लिए 'केबीसी 16' लेकर आने वाले हैं। इस सीजन की शुरुआत 26 अप्रैल से होगी। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर शो के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करने के साथ ही अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो क्विज शो शूट करने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें लंच भी कार में करना पड़ रहा है। अमिताभ बच्चन मे मंगलवार रात को जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें पहली तस्वीर में एक्टर कैजुअल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी और तीसरी तस्वीर में वो फॉर्मल कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जैसे वो केबीसी के शूट के दौरान पहनते हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा- 'निकले थे काम पे अपनी गाड़ी से ; रूप स्वरूप हुआ लोगों की ज़िमेदारी से। खेल होने जा रहा है नये सेशन का ; स्नेह प्यार बना रहे ईएफ परिवार का।'

## ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' ने मरून साड़ी में दिखाया ग्लैमरस अंदाज...

**मुंबई।** ससुराल गेंदा फूल की 'सुहाना' यानी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह की संगीत नाइट में लाल रंग की साड़ी पहनकर अपनी मां के साथ पहुंची। इस दौरान सालों बाद रागिनी खन्ना का लुक काफी बदला हुआ लग रहा था। जिसे देखकर उन्हें पहचानना आसान नहीं था।इससे पहले आरती सिंह के मेहंदी के फंक्शन के लिए आरती ने मेहंदी कलर की सलवार कमीज को चुना था। रागिनी खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर मेहंदी फंक्शन से अपने लुक और हाथों में मेहंदी लगाए हुए कुछ तस्वीरें भी शेयर की थीं। वहीं, आरती सिंह के ब्राइडल शॉवर में रागिनी खन्ना बहुत ही सिंपल से लुक में पहुंची थीं। आरती के ब्राइडल शॉवर की पार्टी में उन्होंने ब्लैक कलर की जीन्स और ब्लैक हाईनेक के साथ बेज कलर का ट्रांसपेरेंट टॉप पहना हुआ था।



# 'खतरों के खिलाड़ी 14' शो में शोएब दिखाएगा दम...

**मुंबई।** रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। हालांकि कन्फर्म तौर पर किसी एक नाम पर हामी नहीं भरी गई। अब पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट को लेकर एक नाम सामने आया है। यह टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना माना एक्टर है। फेमस रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का आगाज होने वाला है। खतरनाक स्टंट से भरे इस शो में पहले से ज्यादा बड़ा खतरा देखने को मिलेगा। व्यूअर्स को हर बार से कुछ अलग देखने को मिले, इसके लिए शूटिंग लोकेशन बदल दी गई है। वहीं, फैंस को जिस चीज का इंतजार था, वो घड़ी भी अब सामने आ गई है।



***पहला कंटेस्टेंट हुआ कन्फर्म :*** खतरनाक स्टंट शो से भरे 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को हर एक एपिसोड में पहले से ज्यादा डरावने स्टंट कराए जाते हैं। कभी पानी में देर तक बिना सास रोके एक टास्क पूरा करना होता है, तो कभी जानवरों के बीच रहकर अपने टास्क को अंजाम तक पहुंचाना होता है। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में भी कुछ ऐसे ही स्टंट कंटेस्टेंट्स को परफॉर्म करने होंगे। इस बार की शूटिंग केप टाउन में न होकर, रोमानिया में होगी। दीपिका कक्कड़ ने नए व्लॉग में 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर हिंट दी है। दरअसल, शोएब इब्राहिम, दीपिका से कहते हैं कि जिम करने के बाद आइसक्रीम खाकर उन्हें गिल्ट होता है।

# *धोनी की बेटी जीवा के साथ सुशांत सिंह की थ्रोबैक फोटो इंटरनेट पर छाई, खूब हुई थी दोनों की मस्ती*

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई है, जिसमें वह धोनी की बेटी जीवा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। ये तस्वीर तब की है जब वह धोनी के घर पर अक्सर जाया करते थे। धोनी और उनकी फैमिली से मिलवाने के लिए सुशांत अंकिता लोखंडे को भी एक बार अपने साथ ले गए थे। दिवंगत बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल तस्वीर में दिवंगत एक्टर स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा को गले लगाते नजर आ रहे हैं। ब्लैक एंड वाइट इस तस्वीर में सुशांत मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि पीछे बैठे धोनी दोनों को देखते हुए स्माइल दे रहे हैं। तस्वीर देखकर सोशल मीडिया यूजर्स भावुक हो उठे हैं। एक ने लिखा- आपको बहुत मिस करते हैं। दूसरे यूजर ने लिखा- लेजेंड्स कभी नहीं मरते।

### लोगों ने कहा- सुशांत जिन्हें लोग कभी भूल नहीं सकते

एक अन्य ने कमेंट किया- सुशांत एक ऐसा नाम है जिसे लोग कभी भूल नहीं सकते। बता दें कि ये फोटो 2016 की है, जब सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी की बायोपिक 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और दिशा पटानी भी नजर आई हैं।

### अंकिता को मिलाने लेकर गए थे धोनी के घर

यहां ये बी बता दें कि सुशांत धोनी के घर अपनी गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे के साथ पहुंचे थे। वैसे बायोपिक की वजह से सुशांत का धोनी



के घर आना-जाना रहता था और वो अंकिता को भी उनसे मिलाने लेकर गए थे। इस मौके पर सुशांत और अंकिता ने जीवा के साथ खूब सारा वक्त बिताया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आज भी सबका दिल जीत रही हैं।

### सुशांत के निधन को 4 साल हुए पूरे

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई स्थित आवास में मृत पाए गए थे। सुशांत के निधन के 4 साल बाद भी इस केस में सीबीआई जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। एक्टर के फैंस और परिवार का कहना है कि उनके चहेते सुशांत सिंह राजपूत को इंसाफ नहीं मिल पाया है। लगातार उनके लिए जस्टिस की मांग कर रहे हैं।

## ये हैं दुनिया की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्में

# हॉलीवुड का धमाल : लाखों में बनाया और अरबों में कमाया..!

*मुंबई। फिल्में हमेशा से ही मनोरंजन का साधन रही हैं। फिर चाहे वो तब का जमाना हो या अब का। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो या फिर हॉलीवुड। हर साल ना जाने कितनी फिल्में बनती हैं। इनमें कुछ ब्लॉकबस्टर होती हैं, कई सुपरहिट होती हैं तो कइयों को असफलता का स्वाद भी चखना पड़ता है। अब तक की 5 सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली सारी फिल्में हॉलीवुड की हैं। एक फिल्म तो 52 साल पहले 1972 में रिलीज हुई थी।*



**पैरानॉर्मल एक्टिविटी :** साल 2007 में रिलीज हुई ये एक ऐसी हॉरर फिल्म है, जिसे देखने वालों की रूह कांप गई थी। ओरेन पेली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 12 लाख 49 हजार 927.50 रुपए था, लेकिन इसने 16 अरब, 11 करोड़, 57 लाख, 31 हजार 900.00 रुपए का प्रॉफिट कमाया था।




**टार्नेशन :** ये फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। मानसिक रूप से बीमार मां के साथ बड़े होने के फिल्म निर्माता के अपने अनुभवों को लेकर बुनी गई 'टार्नेशन' 218.32 डालर के बजट में बनाई गई है। जोनाथन कॉउएट के निर्देशन में बनी ये मूवी परिवार, मेंटल हेल्थ और पहचान से जुड़ी मुश्किलों को एकदम खुलकर बताती है। पूरी फिल्म उन फुटेज से बनी है, जिन्हें डायरेक्र जोनाथन ने 19 सालों में रिकॉर्ड किया था। ये फिल्म भी सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसने 1,200,00 डॉलर का प्रॉफिट कमाया।




**'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' :** 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' 1999 की हॉरर फिल्म है, जिसका डायरेक्शन डैनियल मायरिक और एडुआर्डो सांचेज ने किया। कहानी एक डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर्स के ग्रुप की है, जो एक चुड़ैल के बारे में स्थानीय किंवदंती की जांच करते हुए जंगल में खो जाते हैं। इस फिल्म का फुटेज स्टाइल, शानदार एक्टिंग और मार्केटिंग कैंपेनिंग ने इसे सच्ची कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। इस फिल्म की फुटेज शैली एक मील का पत्थर और हॉरर सिनेमा का एक क्लासिक बन गया। क्रिटिक्स की जबरदस्त सराहना की बदौलत फिल्म ने बंपर प्रॉफिट कमाया। 49, 99, 356.00 रुपए में बनी इस फिल्म ने इतना प्रॉफिट कमाया कि सुनकर आपके कान खड़े को जाएंगे। जी हां। ये आंकड़ा 20 अरब, 71 करोड़, 58 लाख, 38 हजार था।

**डीप थ्रोट :** इस फिल्म का बजट 25,000 डालर यानी 20, 83, 212.50 भारतीय रुपए था। प्रॉफिट हुआ 22,528,467 डालर का। यानी 1877263362.41डालर (1 अरब, 87 करोड़, 72 लाख, 63 हजार तीन सौ 62 रुपए) का। 1972 में रिलीज हुई 'डीप थ्रोट' काफी बोल्ड फिल्म थी। इसका डायरेक्शन जेरार्ड डेमियानो ने किया। ये फिल्म विवाद का कारण बनी। पूरे देश में सेंसरशिप और कानून के बारे में चर्चा तेज हो गई। लीड एक्ट्रेस लिंडा लवलेस खुद इस फिल्म के खिलाफ चली गईं, जिससे नारीवादी आंदोलन पर भी प्रभाव पड़ा। इतना कुछ होने के बावजूद इसका नाम इतिहास में दर्ज है।



**इरेजर हेड :** इसका बजट 10,000 डालर (833285 रुपए) था। फिल्म ने 7,000,000 डालर (58 करोड़ 32 लाख 99 हजार 500 रुपए) का प्रॉफिट कमाया। 1977 में रिलीज हुई ये हॉरर मूवी ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई। फिल्म के भयान सीन और डरावनी आवाजें आज भी रूह कंपा देते हैं।



## खबर संक्षेप

### राहुल की सभा 29 को स्थल देखने पहुंचे बैज

**बिलासपुर।** गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शहर पहुंचे। उनके साथ ज़िला प्रभारी सुबोध हरितवाल, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार भी थे। श्री बैज राहुल गांधी की 29 अप्रैल को सकरी में प्रस्तावित आमसभा की तैयारी और स्थल निरीक्षण के लिए सिंचाई कालोनी सकरी पहुंचे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सकरी में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी, महापौर राम शरण यादव, संयोजक विवेक बाजपेयी, धर्मेंद्र यादव, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय,राजेन्द्र शुक्ला, सभापति शेखनजीरुद्दीन,पूर्व महापौर राजेश पांडेय ने उनका स्वागत किया। आदिवास विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष आर के शाह ने श्री बैज के सामने कांग्रेस प्रवेश किया। श्री बैज प्रदेश सचिव महेंद्र गंगोत्री, सिद्धांशु मिश्रा, राकेश शर्मा, आत्मजीत मक्कड़, ऋषि पांडेय, सुनील शुक्ला, बिहारी देवांगन, जावेद मेमन, विनोद साहू ,धर्मेश दुबे,नीलेश मांडवार, सीमा पांडेय, मोती ठारवानी,विवेक शर्मा, गौरव एरी ने उनका स्वागत किया।

### पुरानी रंजिश में चौकीदार पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में चौकीदार से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर निवासी रवि विश्वकर्मा पिता संतोष विश्वकर्मा शिव विहार में चौकीदारी करते हैं। वे 24 अप्रैल की शाम 7 बजे शिव विहार से अपने घर जा रहे थे। ज्योति मेडिकल के पास उनके मोहल्ले का राहुल यादव आया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर चाकू से कमर व बाएं हाथ पर हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। रवि विश्वकर्मा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ धारा 294, 323,506,324, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सूने मकान में चोरी, सक्ती का चोर पकड़ाया

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर आतंक मचाने वाले सक्ती के शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। उसने 7 सूने मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। कोटा क्षेत्र में सूने मकानों में हुई चोरी के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर के पतासाजी में लगी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद चोरी करने वाले युवक की पहचान सक्ति के रहने वाले के रूप में हुई। पुलिस ने सक्ति में दबिश दी तो वह नहीं मिला। शहर में पतासाजी के दौरान पुलिस ने शातिर चोर को पकड़ने में सफलता मिल गई है। मजेदारबात यह है कि सीसीटीवी फुटेज में जिस कपड़े में चोरी करते नजर आ रहा था। उसी कपड़े में उसे पकड़ा गया है। उसने कोटा, तखतपुर, जरहागांव सहित 7 मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसके निशानदेही पर पुलिस चोरी का सामान बरामद करने में लगी हुई है।

# शहर की सड़कों के गड्ढे बने मुसीबत, लगातार हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की लगभग हर प्रमुख सड़क के नाले-नालियों के मेन होल खुले हैं। यह होल इतने बड़े हैं कि इसमें गाड़ी वाले भी गिर जाते हैं। जिन जगहों पर लाइट बंद है, वहां पैदल चलने वाले भी इन गड्ढों में गिर रहे हैं। लोग महीनों से शिकायत कर रहे हैं कि इन गड्ढों को सुधरवाए या फिर इनके ऊपर नई जाली लगा दी जाए। लेकिन निगम अफसर उनकी सुनते ही नहीं है। परेशानी जब बहुत ज्यादा बढ़ गई तो आसपास के लोगों ने ही अपना उपाय कर लिया। कहीं गड्ढों से बचने लाल कपड़ा लगाया तो कहीं के गड्ढों को ईंटों से घेर दिया गया। परेशान लोगों का कहना क्या करें? अफसर कुछ करते ही नहीं इसलिए अपनी जान बचाने कुछ तो करना होगा।<B> <B>शहर के 70 वार्डों में करीब चार हजार किलोमीटर तक छोटी-बड़ी नाली फैली हुई है। सरकार कई बार इन नालियों को ढंकने के लिए निगम को पैसा दे चुकी है। इसके बावजूद नालियां खुली हुई हैं। इन्हीं नालियों को सड़कों से पाइपलाइन डालकर बड़े नालों से जोड़ा गया है। जहां-जहां भी बड़ी सड़कें हैं, वहां के मेन होल को सफाई के नाम पर खोल दिया जा रहा है। इस तरह के मेन होल से हर रोज सफाई भी नहीं की जाती है। महीने में एक या दो बार ही मेन होल की सफाई होती है। इसके बावजूद इसे बंद नहीं किया जाता।



**जरा सी चूक और गाड़ी गड्ढे में:** शहर में श्रीकांत वर्मा मार्ग, अग्रसेन चौक, गुरुनानक चौक, वृहस्पति बाजार के पास, देवकीनंदन चौक, पुराना बस स्टैंड समेत कई वार्डों की मुख्य सड़कों की नालियों में क्रासिंग के चलते सड़कों के बीच मेन होल खुला छोड़ दिया गया है। यह गड्ढे इतनी बड़ी हैं कि जरा सी चूक होने पर लोग गाड़ी के साथ इन पर गिर जाते हैं। सड़क के बीच यह मेन होल होने के वजह से लोगों को उसके आसपास से गुजरना होता है। इससे ट्रैफिक भी जाम होता है। कुछ मेन होल में जालियां लगी हैं, लेकिन लगातार गाड़ियों के गुजरने के कारण वो भी खराब हो चुकी है।

**लोगों ने कहा-कोई नहीं सुनता:** इन मेन होल के आसपास दुकान चलाने और आना जाना करने वाले लोगों का कहना है कि कोई नहीं सुनता। लोगों ने बताया कि नालियों के होल खुले रहने की शिकायत दर्जनों बार जोन अफसरों से की गई। नालियों की सफाई करने के लिए जो कर्मचारी आते हैं उनसे भी कहा जाता है। उनका एक ही जवाब होता है हम कुछ नहीं कर सकते साहब से बात कीजिए। खुली मेन होल को बंद करने एक-एक जोन में दर्जनों बार लोग जा चुके हैं, लेकिन कहीं किसी को भी राहत नहीं मिल रही है।

### यात्री बोले- स्टेशन हाईटेक बनाने से पहले टाइमिंग सही करें

# 10 घंटे देर से चल रहीं ट्रेनें, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक ओर देश के 508 रेलवे स्टेशनों की तस्वीर बदलने वाली है, जिनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सहित 7 स्टेशन शामिल हैं, लेकिन दूसरी ओर कई ट्रेनें आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर अचानक कैंसिल कर दी जा रही हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी और रद्द होने से यात्री परेशान हैं।

- कलिंगा उत्कल 10 तो दूरंतो 9:21 घंटे लेट, भीड़ के चलते पैर रखने तक की जगह नहीं

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से होकर गुजरने वाली मेल,उत्कल, गीतांजली, आजाद हिंद और मुंबाई-हावड़ा जैसी ट्रेनें गुरूवार को कई घंटों की देरी से चली। दूरंतो का भी बुरा हाल है। यह ट्रेन अपने तय समय से लगभग 9 घंटे 21 मिनट देरी से पहुंची। यही हाल आजाद हिंद का रहा। यह लगभग 10 घंटे 42 मिनट देरी से चली।



ट्रेन में सफर के लिए यात्रियों की स्टेशनल में लगी भीड़। सीट के लिए ट्रेन में जद्दो जहद करते रेल यात्री।

### ट्रेनों को रेगुलर और टाइमिंग सही करें

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करती अनीता यादव ने बताया कि वह जिस ट्रेन से सफर कर रहीं थीं, वह 1 घंटे से ज्यादा लेट है और कई ट्रेन रद्द भी कर दी गई हैं। जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा, स्टेशनों को हाईटेक बनाना सही है। लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही यात्रियों को सर्विसेज भी मिलनी चाहिए। इसलिए पहले ट्रेनों को रेगुलर और उनकी टाइमिंग सही करना ज्यादा जरूरी है।

### हर ट्रेन एक से डेढ़ घंटे तक लेट

स्टेशन में गाड़ियों का इंतजार करते हुए बताया कि बहुत सारी ट्रेनें रद्द हैं और जो चल रही हैं उनकी भी टाइमिंग सही नहीं है। सुबह साढ़े 10 बजे की ट्रेन का टाइमिंग डेढ़ बजे बता रहा है। स्टेशन पर यात्री घंटो तक ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों का 1 से डेढ़ घंटा लेट होना तो अब सामान्य लगने लगा है। क्योंकि ट्रेनों की टाइमिंग ही इस तरह की हो गई है कि हर ट्रेन कम से कम 1 से डेढ़ घंटे लेट है। जिसे सुधारना जरूरी है।

### 15 दिन में 80 से अधिक ट्रेनें रद्द

इधर रेलवे ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेंटेनेंस और तीसरी लाइन में काम के चलते 15 दिन के भीतर ही 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द भी कर दिया गया है। इसके कारण जो बची हुई ट्रेन चल रही है। उसमें भीड़ इतनी ज्यादा है कि पैर रखने तक के जगह नहीं मिल पा रही है। टॉयलेट और गेट के खाली जगह में भी बैठकर लोग सफर करने के लिए मजबूर है। लगातार ट्रेनों के रद्द होने से वेटिंग टिकटों की भी संख्या बढ़ गई है।



सिम्स पहुंचे मरीज के परिजनों के लिए नहीं लगाया गया शेड खुले में रहने व भोजन बनाने की मजबूरी।

# 6 माह बीता, सिम्स में शेड का काम लटका, भरी दोपहरी भटकते हैं अटेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में मरीज के परिजनों को भरी दोपहरी में भटकना पड़ता है, वहीं गांव और कस्बों से आए इन अटेंडरों के लिए सिर छिपाने के लिए शेड तक नहीं है। यह हाल तब है जब स्वास्थ्य सचिव और कलेक्टर स्वयं निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सामंजस्य बनाकर परिजन शेड का निर्माण करने का आदेश दे चुके हैं। दरअसल नवंबर माह में अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह समस्या सामने आई थी और अधिकारियों ने ही अटेंडरों की सहुलियत को देखते हुए शेड कानिर्माण करने की बात कही थी।

- नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के सहयोग से बनाया जाना है शेड

सिम्स में गांव और कस्बों से इलाज कराने रोजाना 3 हजार से ज्यादा मरीज आते हैं, वहीं प्रतिदिन 30 से अधिक गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराई जाती है। ऐसे में मरीज के साथ परिजन भी सिम्स पहुंचते हैं, इलाज के लिए यह परिजन भी सिम्स में ही रूकते हैं। इलाज के दौरान वार्ड से इन परिजनों को बाहर निकाल दिया जाता है, जिससे परिजन सिम्स के गैलरी और बाहर ही हर कर अपने मरीज का ध्यान रखते हैं। परिजनों के लिए खाना बना और रूकना बड़ी चुनौती होती है, जिसकी समस्या अधिकारियों के सामने भी आ चुकी है, इसी समस्या को लेकर स्वास्थ्य सचिव और कलेक्टर ने परिजन शेड बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसे लेकर उदासीन बने हुए हैं, ऐसे में परिजन 42 डिग्री तापमान में भी बाहर खुले में ही भोजन बनाकर गुजार कर रहे हैं, खास बात यह है कि परिजनों को सिर छिपाने के लिए भी जगह नहीं मिल पाती है। वहीं अस्पताल प्रबंधन पहले ही इस बारे में पल्ला झाड़ चुका है, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सिम्स में पहले से ही जगह की कमी है ऐसे में परिजन शेड का निर्माण कराने के लिए जगह की तलाश की जानी है और यह कार्य निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के द्वारा ही किया जाना है।

### 7 जिले से इलाज कराने पहुंचते हैं मरीज

कोरबा, जांजगीर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, अंबिकापुर, भाटापारा, शक्ति जैसे शहरों से मरीज सिम्स आते है, यहां ओपीडी के साथ ही आईपीडी के मरीजों की संख्या ही 21 सौ अधिक होती है। साथ ही वार्ड में पहले से ही मरीजों की तादात होती है। 300 बिस्तर का विस्तार होते हुए अब 900 बिस्तर का हो चुका है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।

### स्मार्ट सिटी के फंड का उपयोग

बताया जा रहा है कि सिम्स में इन दिनों उन्नयन का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसमें स्मार्ट सिटी फंड का उपयोग हो रहा है, इसी राशि से आगे भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या यह है कि मरीज और परिजनों की सहुलियत को दरकिनार कर महज सौंदर्यीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है।

### सभी कार्य हो रहे हैं

कलेक्टर के निर्देश पर ही सभी निर्माण कार्य निष्पादित हो रहे हैं। परिजन शेड बनाया जाना है, लेकिन मुझे लगता है कि आचार संहिता के कारण यह कार्य रोका गया होगा। चुनाव के बाद बनाया जा सकता है।

-डॉ सुजीत नायक
अधीक्षक, सिम्स

# 30 के खिलाफ किया जुर्म दर्ज, गिरफ्तारी सिर्फ 7 की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा बस्ती में नकाबपोश युवकों ने वार्ड क्रमांक 41 के गली में घुसकर जमकर तांडव मचाते हुए तोड़फोड की थी, पुलिस ने इस मामले में 25 से 30 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया था, लेकिन अब तक सिर्फ एक नाबालिग सहित 7 बदमाशों को ही पकड़ा गया है, वे भी जमानत पर छूट गए हैं।

3 अप्रैल की रात वार्ड क्रमांक 41 के तोरवा सांई मंदिर में बड़ी संख्या में नकाबपोश युवक अपने वाहन मेन रोड पर खड़े कर चेहरे में गमछा बांधकर अंदर बस्ती में घुसे और गाली गलौज कर तांडव मचाते हुए लोगों के घर के रखे कूलर, बाइक व बिजली मीटर में तोड़फोड़ किया था। तीन दिन बाद मामले में अज्ञात 25 से 30 लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। एएसआई भरतलाल राठौर ने बताया, उक्त मामले में हमलावर दयालबंद निवासी तन्मय सोनकर, किशोर सिंह, मोहित, वेदांत गोरख, अशोक, व एक नाबालिग सहित मात्र 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी जमानत में छूट गए हैं। 19 दिन भीतर मात्र 7 बदमाशों को पकड़ा गया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित अन्य पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस खुलेआम शहर में दहशतगर्दी करने वाले बदमाशों को नहीं पकड़ पा रही है। बताया जाता है दहशतगर्दी करने वाले नाकाबपोश बदमाश शहर में बेखौफ होकर घूम रहे हैं।

- तोरवा बस्ती में नकाबपोशों द्वारा तांडव मचाने का मामला

### तत्कालीन टीआई हुई थी निलंबित

घटना की रात मोहल्लेवासी पार्षद को लेकर रिपोर्ट लिखाने थाने गए। गंभीर मामले में लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया था। एसपी के द्वारा गंभीर मामले में लापरवाही बरतने पर तत्कालीन तोरवा टीआई अंजना केरकेट्टा को निलंबित कर दिया गया था।

# गतौरी कबाड़ी दुकान में पुलिस का छापा कबाड़ व चापड़ सहित कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने गतौरी के कबाड़ दुकान में दबिश देकर कबाड़ी की तलाशी ली तो उसके पास से धारदार चापड़ मिला। उसके दुकान में लोहे का कबाड़ रखा हुआ था। पुलिस ने कबाड़ व चापड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

- एक सप्ताह पहले कबाड़ी दुकान खोलकर शुरु किया था कारोबार

सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया, कोनी पुलिस को शिकायत मिली गतौरी स्थित एक कबाड़ी दुकान में चोरी के लोहा की खरीदी बिक्री की जा रही है। पुलिस ने कबाड़ी दुकान में दबिश देकर कबाड़ी मंगला चौक सब्जी मार्केट निवासी अशरफ अली पिता समद अली 28 साल को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से धारदार चापड़ मिला। उसकी दुकान में लोहा व अन्य कबाड़ का सामान भरा था। कबाड़ी सामान के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने धारा 41, 1, 4 / 379 के तहत कबाड़ व धारा 25, 27 आर्म्स एकट के तहत चापड़ जब्त कर कबाड़ी अशरफ अली को गिरफ्तार कर लिया है।



### सिर्फ एक पर कार्रवाई, बाकी को छूट

सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए कबाड़ी ने एक सप्ताह पहले ही दुकान खोलकर कारोबार शुरू किया था। पुलिस ने उसकी दुकान में कार्रवाई कर दी। वहीं लंबे अरसे से आईटीआई गेट के पास, कोनी पेट्रोल पंप, गतौरी फैमली ढाबा व दीपक ढाबा के बाजू, सेंदरी बस स्टैण्ड पर चल रही कबाड़ी दुकानों की जांच तक नहीं की जा रही है।

### पूर्व में पांच बड़ी दुकानों में हुई थी कार्रवाई

पूर्व में उच्च अधिकारियों के द्वारा काली मंदिर के बाजू में फिरोज मेमन, यदुनंदननगर में इमरान व परसदा में भोलू कबाड़ी के गोदाम में दबिश देकर बड़ी संख्या में चोरी के लोहे का सामान जब्त किया गया था। एक दिन पहले मंगलवार को पेण्ड्रीडीह बाइपास स्थित मुस्तकीम कबाड़ी के दुकान 10 टन लोहे के सामान में 2.50 क्विंटल रेलवे से चोरी गया एंगल का टुकड़ा, फिश प्लेट व सामान जब्त किया गया था। वहीं पुराना बस स्टैण्ड स्थित छोटू पाण्डेय की अवैध कबाड़ी दुकान को ढहा दिया गया था।

### यूपीएससी के लिए रजिस्ट्रेशन 30 तक

**बिलासपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से होने वाले कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज एग्जामिनेशन का रजिस्ट्रेशन सिर्फ एक बार ही होगा। इसके आधार पर अभ्यर्थी कई बार परीक्षा में बैठ सकेंगे। यूपीएससी ने सीएमएस का का शेड्यूल जारी किया है। सामान्य पुरुष उम्मीदवारों के लिए शुल्क 200 रुपए और महिला एससी, एसटी, ओबीसी व निःशक्तजनों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदन 30 अप्रैल शाम छह बजे तक किए जा सकते हैं। परीक्षा देश के 41 शहरों में होगी। इसकी अधिसूचना यूपीएससी ने वेबसाइट पर जारी किया है।

### डाटा एंट्री रीक्षा 28 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में डाटा एंट्री आपरेटर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए गए थे। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 तक थी। उक्त पद के लिए पहले चरण की लिखित परीक्षा 28 अप्रैल को सुबह 10 से 11 बजे आयोजित की गई है। ये परीक्षा चार केंद्रों में आयोजित की जाएगी। पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### घर में घुसकर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** घर मे युवक से मारपीट करने वाले हमलावर के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, घुरू महादेव नगर निवासी अमित पाठक पिता स्व. रामू पाठक 20 अप्रैल को खाना खाकर अपने घर में सोए थे। रात 11 बजे यदुनंदननगर निवासी विशाल चतुर्वेदी पिता रामू उनके घर आया और दरवाजा खोलने पर उनकी मां को धक्का देकर कमरे मे घुसकर अमित के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 452 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा आरटीओ

# परिवहन विभाग फील्ड पर, गाड़ियों की धरपकड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 7 सौ वाहनों का अधिग्रहण परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 30 से 52 सीट बसें, कार, 20 ट्रक, 300 लग्जरी कार शामिल हैं। पिछले एक हफ्ते से सड़कों पर चैंकिंग पाईंट की मदद से परिवहन विभाग वाहनों की धरपकड़ कर रहा है। इसके लिए विभाग के दो दर्जन अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं।

जिले में आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान दल, सेक्टर आफिसर, जोनल आफिसर, संगवारी, दिव्यांग मतदाता के लिए वाहनों की आवश्यकता है। इतने वाहनों के लिए परिवहन विभाग को सरकारी और गैर सरकारी वाहनों के अधिग्रहण की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य निर्वाचन विभाग, और जिला प्रशासन द्वारा जिले में चुनाव संपन्न कराने के लिए 500 वाहनों की जरूरत है। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिलों के आरटीओ द्वारा बस मालिकों, ट्रांसपोर्टरों और ट्रैवल्स संचालकों को मतदान के पांच दिन पहले वाहन उपलब्ध कराने नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय पर वाहन नहीं देने और नोटिस की अवहेलना करने पर परमिट निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की चेतावनी भी दी जा रही है।

### सेक्टर अफिसर के लिए बोलेरो और स्कार्पियों

मतदान के दौरान सेक्टर प्रभारियों के लिए कार की व्यवस्था करने के लिए निजी ट्रैवल्स संचालकों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्हें चालक सहित नई लग्जरी कार किराये पर उपलब्ध कराने होंगे। पिछले विधान सभा चुनाव के दौरान करीब 600 सौ वाहनों का अधिग्रहण किया गया था, इस बार जिले के लिए 138 बोलेरो और स्कॉर्पियो सेक्टर आफिसरों के पास होगी।

### वाहनों की आवश्यकता

जिले में 300 रूट होंगे, जिमसें 510 वाहनों को लगाया जाएगा। कोटा,मस्तूरी,बिल्हा, तखतपुर, बिलासपुर, बेलतरा जिसे विधानसभा क्षेत्र के लिए 30 सीटर 87, 42 सीटर बसे 164, 52 सीटर बसें 44 उपयोग में लाई जाएंगी। वहीं सेक्टर आफिसर के लिए 138 बोलेरो, स्कॉपियो और अन्य कार्य प्रयोग किए जाएंगें। इस बार संगवारी और युवा, दिव्यांग को मतदान दलों के परिवहन के लिए 72 वाहनों की जरूरत होगी। रिजर्व के तौर पर 55 गाड़ियां रखी जाएंगी।

### लगातार फील्ड पर हैं अधिकारी

राज्य निर्वाचन का आदेश प्राप्त होते ही लोकसभा चुनाव के लिए वाहन अधिग्रहण कराया जा रहा है।कलेक्टर द्वारा जिले में चुनाव संपन्न कराने हेतु वाहनों की मांग की गई है। जिसके लिए लगातार वाहना मालिकों से संपर्क किया जा रहा है और नोटिस दिया गया है। फील्ड पर सभी एआरटीओ और अन्य स्टाफ को लगा दिया गया है।

-प्रशांत शर्मा, एआरटीओ, परिवहन विभाग



## खबर संक्षेप



### कर्मचारी कांग्रेस ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा द्वारा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एलपी पटेल को आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से 1अगस्त 2023 से श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपए मासिक की दर से 8 माह के एरियर सहित शीघ्र दिलाने एवं ग्रीष्मावकाश अवधि में पिछले वर्ष की भांति कार्य से न बिठाए जाने की बात कही गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष अश्वनी बंजारा, जिला सचिव एमआर दिवाकर, वेदराम भार्गव, समीर, घनश्याम यादव, विजय आनंद, दिनेश लहरे, तुलसी पात्रे, प्रभा सोनवानी, गीता टंडन, राधिका, कामती बंधे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अफसरों ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मुंगेली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन ने लोकसभा निर्वाचन हेतु लोरमी विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला छपरवा तथा शासकीय प्राथमिक शाला अचानकमार मतदान केंद्र में छाया, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वेबकास्टिंग आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। व्यय प्रेक्षक श्री महाजन ने मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### करगीखुर्द में राजमिस्त्रियों ने लिया प्रशिक्षण



**करगी रोड कोटा।** ग्राम पंचायत करगी खुर्द में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा 5 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का आयोजन किया गया1 ट्रेनर ने बताया कि राज मिस्त्रियों को कार्य करते समय सेफ्टी हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी जूता, हैंड ग्लब्स, ईंट जोड़ाई करना, प्लास्टर करना, हाउस कीपिंग करने के संबंध में जानकारी दी गई। राज मिस्त्रियों को शासन से मिलने वाली विभिन्न सुविधाएं जैसे आयुष्मान कार्ड श्रमिक कार्ड, पेनकार्ड के साथ ही उनकी कानूनी अधिकारों को विस्तार से बताया गया। साथ में संस्था द्वारा संचालित सेकंड चांस प्रोग्राम, बाइक सर्विसिंग ,ब्यूटी पार्लर, नर्सिंग सहायक के बारे जानकारी दिया गया। इस दौरान संस्था से ट्रेनर वीरेन्द्र कुमार साहू, मेंटर हीराराम साहू उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों के निरीक्षण में जुटे अधिकारी



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला व नगर पंचायत जरहागांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन ने लोकसभा निर्वाचन हेतु शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बरेला और शासकीय प्राथमिक शाला जरहागांव के मतदान केंद्र में छाया, पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वेबकास्टिंग आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षक महाजन ने मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल सहित संबंधित अधिकारी व बरेला सीएमओ चंद्र भूषण बांधे मौजूद रहे।

### मुंगेली जिले में 5 लाख 98 हजार मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

# जिले में बनाए गए हैं 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



लोकसभा चुनाव में जिले के 5 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिले में कुल 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें से 5 लोरमी तथा 5 मुंगेली में स्थित हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि बिलासपुर लोकसभा अंतर्गत लोरमी, मुंगेली, बिल्हा विधानसभा के लिए 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें लोरमी के लिए 264, मुंगेली के लिए 279, बिल्हा के लिए 120 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस बार कुल 45 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विधानसभा लोरमी में 15, मुंगेली में 15 तथा बिल्हा में 10 मतदान केंद्र हैं। इसी प्रकार जिले में 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें 5 लोरमी तथा 5 मुंगेली में स्थित हैं। कलेक्टर ने भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में यथासंभव प्रतीक्षा कक्ष बनाने तथा गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों के लिए पृथक कतार लगवाने के भी निर्देश दिए हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक केंद्र में रैम्प निर्माण, व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है। मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से जगह-जगह पर संकेत बोर्ड भी बनाए जाएंगे, इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि उन्हें कहां जाकर मतदान करना है। साथ ही अगर किसी मतदाता को कोई जानकारी लेनी है, तो उसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं।

### शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता लाने किया रक्तदान



**पथरिया।** ब्लाक मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली राहुल देव गुप्ता के मार्गदर्शन व आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड के सभी स्कूलों के शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के नारा लेखन का कार्य किया। वही 40 शिक्षकों व अधिकारियों ने रक्तदान कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया, जिनमें बीईओ बीएस बेदी प्रथम रक्तदाता रहे। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी मानिकपुरी राजस्व विभाग के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। उसके बाद पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर ने मतदान केंद्रों व मतदान प्रतिशत की जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने कहा कि क्षेत्र के 239 मतदान केंद्रों में 68 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है। जिसे बढ़ाने तीन हजार से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी तरह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय सतरंग ने भी क्षेत्र के मतदान केंद्रों तक मतदाता को लाने के अभियान चलाने की बात कही। तहसीलदार छाया अग्रवाल ने मोबाइल पर आई विल वोट मैं मतदान करूंगा या करूंगी का स्लोगन सभी से अपने व्हाट्सएप में डीपी के रूप में लगाने कहा। जिससे क्षेत्रभर में मतदान करने जागरूकता आ सके। इस अवसर पर सीईओ प्रदीप प्रधान, बीईओ पीएस बेदी,बीएमओ एआर बंजारे, महिला बाल विकास अधिकारी रेखा दुआ, ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## महिला शिक्षकों ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

**तखतपुर।** मतदाता जागरूकता को लेकर तखतपुर विकासखंड की शिक्षिकाओं ने रैली निकालकर लोगों से मतदान करने की अपील की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि तखतपुर विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज विकासखंड की महिला शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर लोगों को अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की। रैली विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निगारबंद तक गई और लोगों से अपील की कि अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। रैली में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल, प्राचार्य डी कुंजाम, पुष्पा प्रधान, सारिका बेनेट, रजनी उरमलिया, शतरूपा कश्यप, स्वाति कश्यप, मनोरमा बर्मन, प्रीति वासुदेव, ममता वैद्य, शांति मुक्ता कुल्लू, अमिता सोनी, रेखा यादव, रश्मि मिश्रा, मीना नाथनीयल, नितेश सिंगरौल, लवकान्त द्विवेदी, रामभुवन यादव, संजय सोनी, प्रेम लाल जायसवाल सहित अन्य शामिल थे।

# 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 1466 लोगों का किया गया मोतियाबिंद का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मोतियाबिंद मुक्त जिला अभियान के अंतर्गत जिले में मोतियाबिंद के मरीजों का सर्वे कर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिये जिला अस्पताल में आने के लिए कहा जा रहा है। इसके तहत जिला अस्पताल के नेत्र चिकित्सालय में 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 1286 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। निजी अस्पतालों में 180 ऑपरेशन किए गए। इस तरह 1466 मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। वनांचल क्षेत्र तिलईडबरा, सुरही, कटामी सहित जिले से लगे दूसरे जिले के नवागढ़, पण्डरिया, कुण्डा, संबलपुर, कठौतिया, दाढ़ी आदि जगहों में भी मरीज ऑपरेशन के लिए पहुंच रहे है।

- समोतियाबिंद मुक्त जिला अभियान के अंतर्गत जिले में चलाया जा रहा नि :शुल्क अभियान

जिला अस्पताल में अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक आंख से संबंधित अन्य रोग वाले 85 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। इस प्रकार कुल 1371 सर्जरी की गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने बताया कि जिला अस्पताल में 40 बिस्तर नेत्र चिकित्सालय का अलग से भवन तैयार कर प्रतिदिन 21-22 ऑपरेशन किए जा रहे है। 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक जिले के आई विभाग में 9851 ओपीडी में मरीजों की जांच की गई। जिसमें मुंगेली ब्लाक में 866, लोरमी ब्लॉक में 266 एवं पथरिया ब्लॉक में 345 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डे ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ आंखों की रोशनी भी कम होती जाती है और आंखों के आगे धुंधलापन आना शुरू हो जाता है। मोतियाबिंद मुक्त जिला अंतर्गत मोतियाबिंद से पीड़ति मरीजों का सर्वे कर उन्हें ऑपरेशन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूल स्क्रीनिंग के तहत 1125 बच्चों की जांच पश्चात चश्मा वितरण किया गया। इसी प्रकार मीडिल स्कूल के पढ़ने वाले बच्चों की जांच कर 985 बच्चों को पढ़ने वाला चश्मा दिया गया।



ऑपरेशन पश्चात मरीजों की आंख जांच करते चिकित्सक।

# जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**मुंगेली।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मतदाताओं को जागरूक करने जिला व ब्लॉक स्तर पर भी रोचक खेलों के जरिए भी प्रयास किए जा रहे है।

जिले में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने जिन कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है उनमें से 13 फीसदी को वोट डालना ही नहीं आता। इसका खुलासा विधानसभा चुनाव में हुए मतदान करने वाले सेवा और डाक मतपत्र की जांच से हुआ है। हालांकि चुनाव कार्य में लगे कुल कर्मचारियों में से 30 फीसदी भी मतदान नहीं करते, लेकिन जिन्हें वोट डालना है, उन्हें सही वोट डालना ही नहीं आता। विधानसभा चुनाव 2023 में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए डाक मतपत्रों के माध्यम से वोट डालने की सुविधा दी गई थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में सेवा मतदाताओं के लिए भी मतदान की व्यवस्था की गई थी। जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता यदि सशस्त्र बल की किसी भी इकाई में कार्यरत है और क्षेत्र से बाहर हैं या सरकारी कार्य के सिलसिले में देश से बाहर है या प्रदेश में नहीं हैं। ऐसे कर्मचारियों को सेवा मतदाता की श्रेणी में रखा गया है। उनके लिए भी सेवा मतदान करने की सुविधा शुरू की गई है। कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने से पहले निर्वाचन अधिकारी और कर्मचारी ट्रेनिंग देते हैं। साथ ही सेवा मतदाताओं को मतदान के लिए मतदान के लिए है, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी वैध मतदान नहीं कर पा रहे हैं।

### व्यय प्रेक्षक ने ली निगरानी समितियों की बैठक

मुंगेली। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव ने चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के खर्च की निगरानी हेतु गठित विभिन्न समितियों की बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार में किए जाने खर्च की निगरानी सतर्कता से करें। निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखें। वीएसटी दल रैली, जुलूस, सभा आदि का सावधानीपूर्वक वीडियो रिकॉर्ड करते हुए खर्च की गणना के लिए वीवीटी दल को प्रस्तुत करें। ताकि वीवीटी दल प्रचार-प्रसार के दौरान उपयोग किए जाने वाले सामग्रियों का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्धारित व्यय की राशि संबंधित अभ्यर्थी के खाते में जोड़ सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल यादव, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित नोडल, सहायक नोडल अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# चार जिलों से पहुंची 1850 ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा सीट में 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होने से ईवीएम की कमी पड़ गई है, क्योंकि प्रत्येक बूथों में तीन-तीन ईवीएम लगेंगे। इसके लिए दूसरे जिलों से ईवीएम की व्यवस्था की गई है और सुकमा, सूरजपुर, सरगुजा एवं बालोद चार जिलों से 1851 बैलेट यूनिट यहां पहुंच गया है।

ईवीएम लाने के लिए निर्वाचन कार्यालय की टीम सुकमा, सूरजपुर, सरगुजा व बालोद जिला के लिए दो दिन पहले ही रवाना हो गई थी और इन चारों जिलों से ईवीएम लेकर टीम को तत्काल वापस लौटने कहा गया था। इसके साथ ईवीएम लाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, यहां से ईवीएम लाने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को भेजा गया था। जिले में 1851 ईवीएम की कमी पड़ रही थी, क्योंकि लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या कुल 37 है। निर्वाचन कार्यालय को यह उम्मीद थी कि नाम वापसी में प्रत्याशियों की संख्या कम हो जाएगी, इसलिए उस हिसाब से बैलेट यूनिट की व्यवस्था की गई थी। लेकिन 37 प्रत्याशी होने से अब एक-एक बूथ में एक-एक कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीन लगेगी, किन्तु बैलेट यूनिट तीन-तीन लगेगी। एक बैलेट यूनिट में नोटा मिलाकर 16 उम्मीदवारों का नाम आता है। इस तरह अगर दो बैलेट यूनिट लगाते हैं तो भी नोटा मिलाकर 32 उम्मीदवारों के नाम आएंगे। इस वजह से तीन-तीन बैलेट यूनिट की आवश्यकता पड़ रही है। निर्वाचन कार्यालय की ओर से गई टीम आज लौट आई है और बड़े-बड़े ट्रकों में सुरक्षा के साथ ईवीएम यहां लाया गया है। इन सभी ईवीएम को कोनी स्थित स्ट्रांग रूम भेज दिया गया है, जहां पर ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग होगा, उसके बाद मशीनों का रेंडमाईजेशन किया जाएगा। उसके बाद ईवीएम चुनाव के लिए तैयार हो जाएगी।

### 46 में से केवल 9 प्रत्याशी हुए कम

बिलासपुर लोकसभा सीट में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए 12 अप्रैल से नाम निर्देशन प्रक्रिया शुरू हुई थी और 19 अप्रैल नामांकन का आखिरी दिन था। इस दौरान कुल 46 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था। इसमें स्क्रूटनी के दौरान चार प्रत्याशियों के नाम निर्देशन पत्र निरस्त हो गए थे और 42 प्रत्याशी मैदान में बचे थे। सोमवार को नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान इनमें से पांच लोगों चुनाव से नाम वापस ले लिए हैं। इस तरह 9 प्रत्याशी कम हो गए हैं और अब 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं।



# 130 से अधिक छात्र-छात्राएं ले रहे निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण



प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आईसेक्ट दृष्टि कंप्यूटर सेंटर द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए दो माह का ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। लगभग 130 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होकर इसका लाभ ले रहे हैं। संस्था प्रमुख परवेज भारमल ने बताया कि आज का युग डिजिटल शिक्षा का युग है आज सभी कार्य पेपरलेस और कंप्यूटरीकृत होते जा रहे हैं। भविष्य में व्यवसाय और सभी प्रकार की निजी व सरकारी नौकरियों के लिए कंप्यूटर का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। आज वर्ग तीन से लेकर सभी सरकारी नौकरियों में कंप्यूटर ज्ञान की अनिवार्यता हो गई है इस बात को ध्यान में रखते हुए आसपास के ग्रामीण अंचल के छात्रों को इसका ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से और उनके शिक्षा के स्तर में वृद्धि करने के लिए इस सत्र में कक्षा बारहवीं की परीक्षा दिए सभी छात्र-छात्राओं के लिए दो माह का मुफ्त प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है जो 15 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 जून को समाप्त होगा। इसमें छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान दिया जाएगा जिसमे थ्योरी व प्रैक्टिकल दोनों कराया जावेगा साथ ही माइक्रोसॉफ्ट व नेशनल स्किल डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन के सहयोग से डिजिटल प्रोडक्टिविटी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और भविष्य की संभावना के लिए वे तैयार होंगे। छात्रों की कैरियर कॉउंसलिंग भी की जावेगी व उन्हें कक्षा बारहवीं के बाद किये जा सकने वाले कोर्स की जानकारी दी जावेगी। प्रशिक्षण में आसपास के उच्चतर माध्यमिक विधालयो के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।

- आईसेक्ट दृष्टि कंप्यूटर सेंटर द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

### श्रमवीरों ने मतदान करने व कराने का लिया संकल्प

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हर एक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक करने में हर वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। इसी क्रम में औद्योगिक संस्थानों में भी शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। मस्तूरी विकासखंड के राशि स्टील पाराघाट, मंगल स्पंज बिल्हा, नर्मदा ड्रिंक्स प्राईवेट लिमिटेड सिरगिट्टी एवं बीईसी फर्टिलाइजर्स बिलासपुर औद्योगिक संस्थानों के श्रमवीरों ने भी मतदान करने और कराने की शपथ ली।

### लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने चलाया जा रहा अभियान

# 207 पीडीएस दुकानों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, ली शपथ

**पेंड्रा।** लोकसभा चुनाव के महापर्व में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करने जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में तरह तरह की गतिविधियां आयोजित कर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले की सभी 207 पीडीएस दुकानों में एक साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें से 32 दुकानों में जिला स्तरीय अधिकारी शामिल होकर मतदाताओं को प्रेरित किया और उन्हें शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के बैगा बाहुल ग्राम आमाडोब में विशेष रूप से बैगा मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वोट डालने का अधिकार मिलता है। आमाडोब पंचायत में मतदाताओं की संख्या 792 है। उन्होंने सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच मतदान केन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला आमाडोब में बिना किसी प्रलोभन और दबाव के वोट डालने कहा। इस अवसर पर सहायक रिर्टनिंग आफिसर अमित बेक, स्वीप के जिला नोडल कौशल प्रसाद तेन्दुलकर, जनपद सीईओ गौरेला एचएल खोटेल, आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक डीएस सोनी, लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रवीण कंडुलना भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने वयोवृद्ध मतदाता सोनी बाई बैगा 83 वर्ष, जमुनिया बैगा 77 वर्ष, भंवर सिंह अगरिया 74 वर्ष एवं पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाता पंचू बैगा को गमछा और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बैगा जनजाति के महिला एवं पुरूष मतदाताओं ने मांदर की थाप पर परंपरागत कर्मा शैली में गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कलेक्टर ने बैगाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनका साथ दिया। बैगा महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता का तख्ती लेकर मतदान के प्रति जागरूकता दिखाई। कलेक्टर ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को दाहिना हांथ आगे बढ़वाकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।



मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए।

# मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वीप अभियान के तहत शहर में 5 सौ से ज्यादा लोगों ने बाइक रैली में हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने स्वयं बाइक चलाकर रैली की अगुवाई की। इसका आयोजन एसईसीएल द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया।

रैली में महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। एसईसीएल कार्यालय से रैली शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। रैली के दौरान बाईकर्स का जोश और उत्साह देखते बन रहा था। शत-प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान के नारे से समूचा शहर गूंज उठा। बाइक रैली को एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, एसईसीएल के निदेशक कार्मिक बीरंची दास, डीटीओ एसएन कापरी, सीवीओ जयंत कुमार खमारी सहित 500 से ज्यादा बाइकर्स मौजूद थे।